अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार

अजमेर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 319


www.hukmnamasamachar.com

### कीर स्टार्मर संग पीएम मोदी ने की बैठक

# भारत-ब्रिटेन के बीच शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में हुए समझौते



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की यह पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सेक्टर में चार प्रमुख समझौते हुए हैं, जिनमें भारत-यूके कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर की स्थापना, एआई के लिए भारत-यूके के ज्वाइंट सेंटर की स्थापना, यूके-भारत क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी के फेज-टू की शुरुआत और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एक नया सैटेलाइट कैंपस स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन की मजबूती के लिए क्रिटिकल मिनरल्स इंडस्ट्री गिल्ड की स्थापना के लिए भी समझौता हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर सहमति हुई, जिनमें लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी का बेंगलुरु में कैंपस खोलने के लिए %लेटर ऑफ इंटेंट का हस्तांतरण और यूनिवर्सिटी ऑफ सरी का गुजरात की जीआईएफटी सिटी में कैंपस खोलने के लिए मंजूरी शामिल है। ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में तीन समझौते हुए, जिनमें पुनर्गठित भारत-यूके सीईओ फोरम की उद्घाटन बैठक, भारत-यूके संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति (जेईटीसीओ) का पुनर्गठन, जो



सीईटीए के कार्यान्वयन में सहायता करेगा और दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। क्लाइमेट टेक्नोलॉजी स्टार्टअप फंड में एक ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट, जो जलवायु प्रौद्योगिकी और एआई जैसे क्षेत्रों में इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर्स को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच समझौता ज्ञापन के तहत एक रणनीतिक पहल है। इसके अलावा, क्लाइमेट, हेल्थ और रिसर्च सेक्टर में भी तीन महत्वपूर्ण पहलें हुईं, जिनमें बायो-मेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के फेज-थर्ड का शुभारंभ और ऑफशोर विंड टास्कफोर्स की स्थापना शामिल है। इसके अलावा, भारत के आईसीएमआर और ब्रिटेन के एनआईएचआर के बीच हेल्थ रिसर्च पर लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर शामिल हैं।

ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर लिखा, प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैंने आने वाले समय में हमारे देशों के बीच व्यापारिक संबंधों और आर्थिक संबंधों पर चर्चा की। भारत-यूके सीईटीए युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा, व्यापार का विस्तार करेगा और हमारे उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करेगा। उन्होंने लिखा, हमारी बातचीत में प्रमुखता से शामिल हुए अन्य मुद्दों में टेक्नोलॉजी, डिफेंस, एआई और रिन्यूएबल एनर्जी शामिल थे। अलग-अलग ब्रिटिश यूनिवर्सिटीज के वाइस-चांसलर से मिलकर भी हमें बहुत खुशी हुई। हम ब्रिटेन के साथ शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को और आगे बढ़ाते रहेंगे।

---

**संक्षिप्त खबरें**

## करवा चौथ आज

### रात 8 बजकर 24 मिनट पर दिखेगा चांद

*सुहागिन महिलाएं रखेंगी व्रत, सुखी वैवाहिक जीवन की करेंगी कामना*

**जयपुर।** सुहागिनों का पर्व करवा चौथ शुक्रवार को मनाया जाएगा। महिलाएं पूरे दिन निर्जल और निराहार रहकर पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करेंगी। शाम को पूजा-अर्चना और कथा सुनने के बाद रात में चंद्रोदय के समय अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोलेंगी। परंपरा के अनुसार-इस दिन शिव-पार्वती, गणेशजी और कार्तिकेय का पूजन किया जाएगा। कई जगहों पर सामाजिक संस्थाओं की ओर से सामूहिक रूप से करवा चौथ मनाने की तैयारियां की गई हैं। इस बार करवा चौथ पर सूर्योदय से रात 9:39 बजे तक सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही शाम 5ः31 बजे तक कृतिका नक्षत्र और उसके बाद रोहिणी नक्षत्र रहेगा। इस दिन वृष राशि पर उच्च का चंद्रमा रहेगा, जो सुहागिनों के लिए बेहद शुभ माना गया है।

### 26/11 पर फिर गरमाया

## विवादः मोदी के बयान पर चिदंबरम का पलटवार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया को पर्याप्त मज़बूत न बताने की टिप्पणी के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने पलटवार करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक के सामने संयम, परिपक्वता और ज़िम्मेदारी से काम लिया था। ङ्क पर एक विस्तृत पोस्ट में, चिदंबरम ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और सरकार ने अत्यंत संयम और परिपक्वता से काम लिया। यह सही फ़ैसला था और इसने दुनिया का सम्मान अर्जित किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि 2008 में सरकार के संयमित दृष्टिकोण ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव को रोका और यह सुनिश्चित किया कि भारत एक ज़िम्मेदार लोकतंत्र के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति बनाए रखे। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा था, 26/11 के हमलों के बाद पूरा देश गुस्से में था। लेकिन उस समय भारत की प्रतिक्रिया कड़ी होनी चाहिए थी।

**पेनल्टी कॉर्नर**




**पटेला री पोल**

बिजली की बढ़ाई दरों से, उद्योग धंधों पर बुरा असर
प्रवासियों को बुला रहे प्रदेश में,उनसे निकालोगे कसर
क्यों यहां कोई निवेश करेगा, क्योंकि पहले वाले ही तंग
कमाने को लगाए कोई धंधा, करता रहे सरकार से जंग

..मुखिया जी

---



## यूपी में प्राइवेट प्लेन टेकऑफ से पहले झाड़ियों में घुसा

### उड़ान भरते वक्त बेकाबू हुआ

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद में बड़ा विमान हादसा टल गया। यहां प्राइवेट प्लेन रनवे से उड़ान भरते समय नियंत्रण खो बैठा और पास की झाड़ियों में जा घुसा। हादसे में विमान के विंग्स, फ्रंट व्हील और जेट फैन टूट गए। फ्यूल टैंक भी डैमेज हुआ है। रनवे पर एयरो फ्यूल टपक रहा है।

फिलहाल, विमान में बैठे सभी 6 लोग सुरक्षित हैं। इनमें वुडपैकर ग्रीन एंग्री न्यूट्री पैड प्राइवेट लिमिटेड के स्ष्ठ अजय अरोड़ा, वाइस प्रेसिडेंट राकेश टीकू और स्ब्व्ह्र अफसर सुमित शर्मा, दोनों पायलट नसीब बामल, प्रतीक फर्नांडीज और एक क्रू टेक्नीशियन शामिल हैं। अजय अरोड़ा अपनी टीम के साथ खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में बन रही बीयर फैक्ट्री के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने भोपाल से आए थे। घटना गुरुवार सुबह 10ः30 बजे हुई। हादसे और प्लेन की स्थिति की जांच करने के लिए दिल्ली से टीम बुलाई गई है। प्लेन जेट सर्विस एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का है। 400 मीटर रनवे पर दौड़ा, फिर बेकाबू हुआ वुडपैकर ग्रीन कंपनी के यूपी प्रोजेक्ट हेड मनीष कुमार पांडेय ने पायलट पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- दोनों पायलट को पहले से ही पहियों में हवा कम होने के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

---

**अमित शाह की प्रस्तावित जयपुर यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक**

## तीन नवीन कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी की तैयारियां परस्पर समन्वय से करें पूरी-मुख्यमंत्री

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित जयपुर दौरे (13 अक्टूबर) की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया है। इन तीन नवीन कानून के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित होने वाली छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का 13 अक्टूबर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर प्रदर्शनी का सफ ल आयोजन एवं अधिकाधिक आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



**निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग, दुग्ध उत्पादकों एवं विद्यार्थियों को डीबीटी** शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही, प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी राशि का हस्तान्तरण तथा 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ किया जाएगा। एफएस.एल. हेतु वाहनों एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी पेट्रोलिंग की स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों का फ्लैगऑफ भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन गतिविधियों की तैयारी समय पर पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 13 अक्टूबर से जयपुर में जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेन्स का आयोजन करने जा रही है। इस दौरान कानून व्यवस्था, भूप्रबंधन, सुशासन, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। साथ ही, राज्य सरकार के विकास के रोडमैप को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस कॉन्फ्रेन्स के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री भी शामिल होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि कॉन्फ्रेन्स की समुचित तैयारियां सुनिश्चित की जाए ताकि यह कॉन्फ्रेन्स प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाली साबित हो सके। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**कफ सिरप केस**

## छिंदवाड़ा के एक और बच्चे की मौत

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा बढ़कर 25 हो गया है। छिंदवाड़ा के मोरडोंगरी परासिया निवासी गर्विक (1 वर्ष) पिता बाबू पवार की गुरुवार दोपहर नागपुर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तारी कर लिया है। मामले में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई स्ढ्ढञ्ज की टीम ने बुधवार रात चेन्नई में दबिश देकर रंगनाथन को पकड़ा। एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था। वहीं, मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नागपुर पहुंचे। सीएम ने वहां के अस्पतालों में भर्ती चारों बच्चों का हाल जाना। उनके परिजन से बात की। अंबिका विश्वकर्मा न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल जबकि कुणाल यदुवंशी और हर्ष यदुवंशी नागपुर एम्स में इलाज करा रहे हैं। सीएम बोले- तमिलनाडु सरकार सहयोग नहीं कर रही बच्चों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा- एमपी पुलिस ने तमिलनाडु में गिरफ्तारी की है, लेकिन तमिलनाडु सरकार हमारा सहयोग नहीं कर रही है। इसकी पूरी जिम्मेदारी दवा कंपनी की होती है। हमने भी ड्रग कंट्रोलर को हटाया, असिस्टेंट कंट्रोलर को सस्पेंड किया। सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की। हमारी सरकार किसी छोड़ने वाली नहीं है- मोहन यादव सीएम डॉ. यादव ने कहा- मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कह सकते हैं कि मूल रूप से ट्रीटमेंट के दौरान दी गई दवाई की ही गलती है जो मैन्युफैक्चरिंग मिस्टेक है।

---

## अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आज आयोजित उच्च स्तरीय बैठक ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और स्थायित्व को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई के मूड में नहीं है। इस बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात तथा अर्धसैनिक बलों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। इस समीक्षा का केंद्र बिंदु था— आतंकवाद के हालिया रुझान, सीमापार से घुसपैठ की साजिशें और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करना। हम आपको बता दें कि बीते कुछ महीनों से Pir Panjal क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों का पुनरुत्थान चिंता का विषय बना हुआ है। यही कारण है कि इस बैठक में शून्य घुसपैठ के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। पाकिस्तान की ओर से लगातार सक्रिय आतंक तंत्र और अब लश्कर-ए-तैयबा तथा इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत के बीच संभावित गठजोड़ की खबरें, भारत की सुरक्षा के लिए एक नए खतरे की घंटी हैं। इस संदर्भ में अमित शाह का यह निर्देश कि आतंक वित्तपोषण और नशीले पदार्थों के कारोबार से होने वाले फंड के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए, अत्यंत समयोचित और बेहद जरूरी है।

---

### मुख्यमंत्री ने 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए किया आमंत्रित

## मुख्यमंत्री शर्मा से महाराष्ट्र के प्रवासी राजस्थानियों ने की मुलाकात



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र से आए 'राजस्थान प्रकोष्ठ' के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान एवं महाराष्ट्र के मध्य सामाजिक एवं आर्थिक एक्सचेंज प्रोग्राम सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में प्रचुर मात्रा में सौर ऊर्जा, खनिज सम्पदा का भंडार, बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता और निवेश अनुकूल नीतियां है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से इस निवेश-परक वातावरण का लाभ उठाते हुए प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश की अपील की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को उद्यम स्थापित करने में हरसंभव मदद करेगी। इस दौरान शर्मा ने आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर 'राजस्थान प्रकोष्ठ' के अध्यक्ष संजय मंत्री, नंदकिशोर मालपानी सहित विभिन्न प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे।

---

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा समझौते से शुरू हुआ नया रक्षा अध्याय

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के बीच हुई ऐतिहासिक बैठक ने दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को एक नए युग में प्रवेश करा दिया है। बारह वर्षों बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की यह पहली आधिकारिक यात्रा थी, जिसने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच न केवल रक्षा उद्योग सहयोग बल्कि सामरिक विश्वास की नई बुनियाद रखी है।इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते और घोषणाएँ हुईं। परस्पर पनडुब्बी बचाव सहयोग करार — इस करार से दोनों देशों की नौसेनाओं को आपात स्थिति में पनडुब्बी बचाव के लिए तकनीकी और मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की सुविधा होगी। यह सहयोग




हिंद महासागर क्षेत्र में दोनों देशों की परिचालनिक विश्वसनीयता को बढ़ाएगा।

वायु-से-वायु ईंधन पुनर्भरण समझौते को लागू करने की दिशा में प्रगति— यह व्यवस्था दोनों वायुसेनाओं की पारस्परिक संचालन क्षमता को नई ऊंचाई देगी।

# शहरी सेवा शिविर 2025 से कैम्पों का आयोजन 12 पट्टे हुए जारी

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक 'शहरी सेवा शिविर 2025 से कैम्पों का आयोजन नगर परिषद किशनगढ के मुख्य कार्यालय में किया गया। जिसके तहत गुरुवार को परिषद के वार्ड नम्बर 45 से 46 तक के कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में दिनेश सिंह राठौड सभापति, मनोहर तारानी उपसभापति, सीता वर्मा आयुक्त, संदीप यादव अधि. अभियन्ता, वर्षा चौधरी आर. ओ, सुनील खज्जा एटीपी, त्रिलोचन कुमावत व विष्णु अडानिया सहायक अभियन्ता, कमल शर्मा कर निर्धारक एंव रसद विभाग, चिकित्सा एवं स्वा. विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग,



अजमेर वि. वि. नि. लि., जन स्वा. अभि. विभाग अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी कैम्प में उपस्थित रहें। प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 में आवेदित पत्रावलियों को राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार पूर्व में राशि जमा वाले प्रकरणो के कृषि भूमि/ राजकीय भूमि नियमन के 12 पट्टे, नाम हस्तान्तरण/ विखण्डन के 1 प्रमाण पत्र स्वीकृति जारी किये गये, जन्म-मृत्यु के 15 प्रमाण पत्र जारी किये गये, तथा 25 रोड लाईटो की मरम्मत/ नई लगाने की कराई गई। 1 जी.वी.पी. पोईन्ट हटाये गये कैम्प में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत 1 आवेदन प्राप्त हुये स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी/शुगर की जॉच की गई। शुक्रवार को वार्ड नम्बर 47, 48 का कैम्प परिषद प्रांगण में आयोजित किया जावेगा।

# कीचक के रविन्द्र व वासुदेव का राज्य स्तर पर चयन



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती,यह कहावत सच कर दिखाई निकटवर्ती गांव कीचक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का राज्यस्तरीय बॉलिबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ । वही वर्तमान में चल रही 69वीं राज्यस्तरीय बॉलिबॉल प्रतियोगिता में 14 वर्ष व 17 वर्ष आयु वर्ग में रा.उ. मा. वि. कीचक के दोनो विद्यार्थी रविन्द्र व वासुदेव जिन्होंने डीडवाना - कुचामन जिले का प्रतिनिधित्व करते हुये रविंद्र ने बांसवाड़ा ओर वासुदेव ने ओसियां जोधपुर में बॉलीबाल प्रतियोगिता में खेलते हुये पाँचवा स्थान प्राप्त किया. वही प्रतियोगिता खेलकर आने के बाद दोनों विधार्थियो का ग्रामवासियों व विद्यालय परिवार ने खिलाडियो का सम्मान किया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 13 अक्टूबर को

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 13 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चित्तौड़गढ़ (घटियावली रोड, गांधी नगर) परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जिले के राजकीय एवं निजी आई.टी.आई. संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। मेले में जिले के लार्ज एवं स्र्स्र्ध औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भर्ती हेतु आमंत्रित किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

# गिव अप अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान जिले में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग की भावना व गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। जिले में 98,482 संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है।

अभियान निर्धन के हक में कोई सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्तव्य में बदल रहा है। जिला रसद अधिकारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि गिव अप अभियान की सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। पात्र और वंचित लोग ही खाद्य सुरक्षा से जुड़ें इसके लिए विभाग द्वारा पात्रता का सत्यापन-जांच डोर टू डोर करने के साथ नए जुड़े लाभार्थियों की पात्रता की नियमित मोनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में दुकानवार अपात्र लोगों की सूची बनाकर सार्वजनिक स्थानों, पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, कलेक्ट्रेट, रसद कार्यालय में चस्पा की जाएगी। साथ ही उन्हें नोटिस दिए जाएंगे और गेहूं वसूली की विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

विभाग द्वारा अपात्रों को चिन्हित करने की प्रक्रिया निरन्तर जारी है। 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 नवम्बर से 30 रुपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से वसूली की जाएगी।

*नसीराबाद में चार स्थानों पर शहरी सेवा शिविर 25 होगे आयोजित*

# छावनी परिषद सहित सभी विभागों की रहेगी भागीदारी

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय निकाय छावनी परिषद के द्वारा राजस्थान सरकार के द्वारा शहरी नागरिकों की जन समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर 25 अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान भागीदारी निभाते हुए छावनी परिषद के द्वारा भी नागरिक क्षेत्र में चार प्रमुख स्थलों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉक्टर नीतिश गुप्ता के अनुसार आगामी 13 अक्टूबर को सुभाष गंज मंडी 15 अक्टूबर को एल आई सी मैदान 16 अक्टूबर को काली माई चौराहा वे 17 अक्टूबर को रेगर मोहल्ला हताई पर शिविरो का आयोजन किया जाएगा। छावनी परिषद के द्वारा आयोजित शिविरों में छावनी परिषद के सभी शाखा प्रभारी कर्मचारी गण एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जन स्वास्थ्य अभियंत्रिका विभाग विद्युत विभाग सर्वजनिक निर्माण विभाग राजस्व विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग चिकित्सा विभाग तथा राजस्थान जन आधार प्राधिकरण विभाग की भागीदारी भी रहेगी। इन विभागों के द्वारा जनता के पेंशन बिजली सड़क पेयजल भूमिरूपांतरण स्वास्थ्य एवं जन आधार नामांकन आदि से संबंधित आदि कार्यों का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉक्टर नीतिश गुप्ता ने आमजन से शहरी सेवा शिविर 25 में भाग लेने की अपील की जिससे समस्याओं का समाधान हो सके।

*जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025 का भव्य शुभारंभ*

# जिले के बाल वैज्ञानिक भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झालावाड़ का नाम रोशन करेंगे जिला कलक्टर

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025 का भव्य शुभारंभ भवानी मंडी क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिलेहगढ़ में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को किया गया। यह तीन दिवसीय मेला 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित हो रहा है, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपने विज्ञान मॉडल्स और नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। **'जिला कलक्टर ने सराहा बाल वैज्ञानिकों का उत्साह'** मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए नवोन्मेषी मॉडल्स की सराहना की।




उन्होंने कहा कि झालावाड़ जिले के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे विद्यालयों के बाल वैज्ञानिक विज्ञान के क्षेत्र में नई सोच और प्रयोगों से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में यही बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान के क्षेत्र में हमारी पहचान बनाएंगे। उन्होंने प्रत्येक मॉडल की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा और बच्चों के नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। कलक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की ये प्रस्तुति उनकी सोच, प्रयोगधर्मिता और सीखने की जिज्ञासा को दर्शाती है।

*हटुंडी में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत मामले में लिया नया मोड़*

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** आदर्श नगर थाना इलाका स्थित उदयपुर से अजमेर के बीच हटुंडी रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 4 पर न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस की चपेट में आने से बुधवार दोपहर 12.30 बजे अज्ञात युवक की मौत मामले में मृतक की पहचान के बाद मामले में नया मोड़ आ गया है मृतक युवक लुनियावास जयपुर का रहने वाला नितेश उर्फ गोलू था। वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए अजमेर आया था। जहां प्रेमिका के घर वालों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर उसके कपड़े उतरवा लिए तथा उसे नंगा करके वहां से भगाया था इसके बाद नितेश उर्फ गोलू ने आदर्श नगर थाना इलाका स्थित हटुंडी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक गेट नंबर चार पर न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस के आगे छलांग लगाकर उसने आत्महत्या कर ली थी।

# विश्व अंडा दिवस पर अंडे के महत्व पर विशेष – सस्ता, संपूर्ण और पौष्टिक आहार



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व अंडा दिवस के अवसर पर पूरे देश में पोल्ट्री उद्योग और पशुपालन क्षेत्र से जुड़े लोगों द्वारा अंडे के महत्व को उजागर किया जा रहा है। नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी तथा ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने बताया कि अंडा एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो हर वर्ग के लोगों के लिए सुलभ, सस्ता और संपूर्ण पोषण देने वाला आहार है। डॉ. जयपाल के अनुसार अंडा कुपोषण के खिलाफ एक प्रभावी हथियार है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, विटामिन ए, डी, ई, के - के साथ-साथ आवश्यक अमीनो एसिड और गुड फैट होते हैं, जो शरीर की वृद्धि, मांसपेशियों की मजबूती और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अंडे में लगभग 75 कैलोरी, उच्च गुणवत्ता वाला 6 ग्राम प्रोटीन, और 13 से अधिक आवश्यक विटामिन एवं मिनरल्स पाए जाते हैं। यही कारण है कि फिटनेस विशेषज्ञ और डॉक्टर दोनों ही अंडे को सुपर फूड की श्रेणी में रखते हैं। डॉक्टर जयपाल ने कहा कि हर दिन एक अंडा - स्वस्थ जीवन का वादा केवल एक नारा नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए अपनाई जाने वाली जीवनशैली होनी चाहिए। कुपोषण से जूझ रहे समाज के लिए अंडा सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी समाधान है। ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मर्स सोसायटी के महासचिव विजय राज पारीक ने बताया कि हर वर्ष अक्टूबर महीने के दूसरे शुक्रवार को विश्व अंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 1996 में इंटरनेशनल एग कमीशन द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य अंडे के पोषण मूल्य और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना था।

# ग्रामीण सेवा शिविर में टीबी मुक्त ग्राम अंबाव व गोपालपुर पंचायत में हुआ आयोजन

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड अधिकारी सत्यनारायण विशनोई एव नायब तहसीलदार शिविर प्रभारी रजनीश व्यास की उपस्थि में एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अंबाव और गोपालपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी मरीजों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चुन्नीलाल डाबी (स्ज्ञस्र्, धरियावद) द्वारा निक्षय मित्र अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंबाव सरपंच नारायणलाल, समाजसेवी गोपीलाल, गोपालपुरा सरपंच नगली देवी, वार्ड पंच भेरूलाल, रमिला और ह्रूतारादेवी को निक्षय मित्र के रूप में जोड़ा गया। सभी निक्षय मित्रों ने ग्राम पंचायत में टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान कर उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं भामाशाह बनकर टीबी मरीजों की मदद करेंगे और अपने-अपने ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।



# अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर दौड़ कल

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर के अवसर पर 'नीव, लड़कियां भागे सबसे आगे' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन एवं 'हमारी लाडो' संस्थान के समन्वय से जिले के सभी ब्लॉक से राजकीय विद्यालयों की लगभग 1100 बालिकाओ की 5 कि.मी. की दौड़ प्रातः 7 बजे से लगभग 9 बजे तक आयोजित की जायेगी। मुख्य दौड गतिविधि का आरंभ जिला मुख्यालय पर खेल संकुल से निर्धारित रूट अनुसार किया जाएगा। महिला अधिकारिता सहायक निदेशक सतीश परिहार ने बताया कि दौड़ समाप्ति के उपरांत खेल संकुल में अतिथियों द्वारा बालिकाओं को प्रशंसा पत्र, मोमेंटो का वितरण कर सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। परिहार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए बुधवार को उप जिला कलक्टर विश्वजीत सिंह की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय, जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया। गया। बैठक में डी. वाई.एस.पी. ओमेन्द्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव सक्सेना, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गेंदालाल रेगर, नगर परिषद आयुक्त भुवनेश मीणा प्रतिनिधि, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय अजय कुमार मीना, शारीरिक शिक्षक सुनील कुमार शर्मा, हमारी लाडो फाउंडेशन, फाउंडर प्रेमलता पूनिया सहित अन्य अधिकारीगण, प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# सराधना में पेयजल सप्लाई ठप, ग्रामीणों को 8-8 दिन तक नहीं मिल रहा पानी

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** सराधना ग्राम में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पानी की सप्लाई कभी 7 से 8 दिन में तो कभी 8 से 9 दिन में हो रही है, जिससे आमजन को पेयजल के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। भूतपूर्व सरपंच मुकेश कुमार मंडरावलिया ने बताया कि जल अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता से कई बार दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार पानी की कमी या लाइन टूटने का हवाला देकर बात समाप्त कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर 28 सितंबर को संपर्क पोर्टल पर परिवाद क्रमांक 092506524405464 और 4 अक्टूबर को परिवाद क्रमांक 102506524473638 पर शिकायत दर्ज कराई गई, किंतु विभाग द्वारा झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर शिकायतों को निरस्त कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि विसलपुर बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद विभाग की लापरवाही के कारण गांव में संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सराधना में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# यूनिवर्सिटी ऑफ़ होम्योपैथी द्वारा निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी के सर्जरी विभाग एवम अरोडा आई हॉस्पिटल, केकड़ी के संयुक्त तत्वावधान से निश्शुल्क नेत्र रोग परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। संस्था के कार्यकारी प्राचार्य डॉ राजेश कुमार मीणा ( विभागाध्यक्ष एवं सह आचार्य फार्मेसी विभाग)के नेतृत्व में डॉ. नीता शर्मा (विभागाध्यक्ष एवम एसोसिएट प्रोफेसर, सर्जरी विभाग) तथा डॉ. स्वाति शर्मा (सहायक प्रोफेसर, सर्जरी विभाग) ने मुख्य



भूमिका निभाते हुए शिविर का संचालन किया तथा चिकित्सकीय सेवाएं एवं मरीजो को चिकित्सकिय परामर्श दिया। नर्सिंग कर्मी अमित मीणा ने रजिस्ट्रेशन एवम दवा वितरण किया व सहायक कर्मचारी शंकर लाल बैरवा ने अपना सहयोग दिया। शिविर में निश्शुल्क होम्योपैथिक आई ड्रॉप एवम दवाइयां प्रदान कीं गई , जिससे केकड़ी के आम जन को लाभ मिला। शिविर में 147 मरीजों की मशीनों से आंखों की जांच कर उचित उपचार प्रदान किया गया। शिविर में डॉ अभिषेक सराफ (नेत्र रोग विशेषज्ञ) के नेतृत्व में ऑप्टोमेट्रिस्ट देवकीनंदन नागदा और सहायक स्टाफ उमेश गुर्जर ने नेत्र परीक्षण कर अपनी सेवाएँ दीं तथा अरोडा आई हॉस्पिटल की पूरी टीम ने अपने बहुमूल्य समय और सेवाओं के माध्यम से इस शिविर को सफल बनाया। अंत में, कार्यकारी प्राचार्य महोदय डॉ राजेश कुमार मीणा ने सभी टीम सदस्यों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी शिविरों के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

# सरकार के निर्देशन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में राज्य सरकार के निर्देशन में स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की गई ।सरकार के निर्देश अनुसार यह निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है ।राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय की टीम के द्वारा यह शिविर लगाकर बच्चों की आंखों की जांच की गई है ।यह शिविर उपखंड के तीन ग्रामीण क्षेत्रों में लगा है। जिसमें तीन विद्यालय के बच्चों की आंखों की जांच की गई है। शिविर लोरोली रणसीसर जाटान आगुन्ता के विद्यालय में लगा है। जिसमें 170 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की गई है। एवं 50 से अधिक बच्चों का निशुल्क चश्मा वितरण के लिए चयन किया गया है। अब इन बच्चों को चश्मा वितरण सरकार की ओर से किया जाएगा ।इस शिविर में सरोज सारण चिकित्सक के द्वारा सभी बच्चों की आंखों की जांच की गई ।उनके साथ सहयोग के रूप में पायलट अजय सिंह राठौड़ रहे हैं ।सभी विद्यालयों में जाकर इन बच्चों की आंखों की जांच की गई है। जिन बच्चों की आंखें कमजोर है उनको निशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा।

# चिकित्सा विभाग डिस्ट्रिक्ट द्वारा सिलिकोसिस कैम्प का किया आयोजन

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर उपखण्ड क्षेत्र में सिलिकोसिस कैम्प का आयोजन औधोगिक क्षेत्र बाघपुरा सोनियाना रोङ मे स्थित अभिषेक मिनरलस मे रखा गया। गंगापुर खनिज उद्योग संघ अध्यक्ष शेषकरण शर्मा ने बताया शिविर मे आसपास स्थित फैक्ट्रीयो सहित 57 मरीजों फैक्ट्री से वर्कर्स की जांच की गयी। एक्सरे 29 बलगम, 33 एवं 19 रक्त की जांचे इत्यादि की गयी। साथ ही दवाईयां मास्क आदि वितरण कर उचित सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सिलिकोसिस कैम्प के दौरान चिकित्सा विभाग डां. विपीन शर्मा सहाङ डां. चन्दन सिंह राठौड, भुणास मति पूनम चौधरी (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) अशोक कुमार सैन एस टी एस एवं लेब टैकसियन, एक्सरे टेकनियसन एवं संघ संरक्षक सुरेश चन्द्र रुईया,सोनू चौधरी,रवि शर्मा,दीपक जाट अन्य फैक्ट्री स्टाफ इत्यादि उपस्थित थे।

## सफलता की कहानियां

# ग्रामीण सेवा शिविरों से बदल रही ग्रामीण जीवन की तस्वीर समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण सेवा शिविर के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। शिविरों में आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान हो रहा है। ग्राम पंचायत कचूमरा और जरखाना में आयोजित शिविरों में कई उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने यह सिद्ध किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं अब सीधे जनता तक पहुँच रही हैं। ग्राम पंचायत कचूमरा में आयोजित शिविर में मुकेश जाट पुत्र शंकर जाट (नांदोली) तथा रामगिरी पुत्र केशर गिरी (कचूमरा) को उनकी वर्षों पुरानी पुश्तैनी भूमि का पट्टा जारी किया गया। दोनों परिवार लंबे समय से भूमि पर निवास कर रहे थे, परंतु वैधानिक दस्तावेज न होने के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित थे। राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन एवं भौतिक जांच के उपरांत उन्हें पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनकी कानूनी पहचान स्थापित हुई। ग्रामवासी बाबुड़ी पत्नी नंदलाल की वर्षों पुरानी नाम संबंधी त्रुटि का भी समाधान किया गया। गलत नाम दर्ज होने से उन्हें अपनी पैतृक संपत्ति पर अधिकार जताने में कठिनाइयाँ आ रही थीं ।अधिकारियों ने तत्परता से दस्तावेजों की जांच कर नाम संशोधन कर दिया, जिससे न्याय और पहचान दोनों की पुनर्स्थापना हुई।



**Rajasthan University of Health Sciences**
सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033, दूरभाष: 0141-279515, 0141-2795508, 2795536

No. :- F.6 ( ) RUHS/Store/2025-26/23911 Date :- 08/10/2025

**Notice Inviting E-Bids**

Single Stage Two envelope online e-bids are invited up to 02.00 pm of 28/10/2025 for supply and installation of Desktop Computer, Laser Printer and Other Items for Computer Lab at RUHS College of Pharmaceutical Sciences, Jaipur. (Total Approx. Cost Rs. 10,85,000.00) Details may be seen in the Bidding Documents at the Website **sppp.raj.nic.in or www.ruhsraj.org. or eproc.rajasthan.gov.in**

UBN No. :- (RUH2526GLOB00010)
Raj.Samwad/C/25/11778

Registrar
Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, विद्युत खण्ड-जयपुर**

क्रमांक :- राजकाज रेफरेन्स 18206551 दिनांक :- 08/10/2025

**निविदा सूचना संख्या - 11/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत कार्य कृ.उ.म.स. बलीचा (फल एवं सब्जी)/राजधानी मण्डी (अनाज) के कार्य हेतु क्रमशः राशि 18.36 व 17.85 लाख रूपये की ऑनलाईन एवं कृषि प्रशिक्षण केन्द्र के डिपोजिट कार्य हेतु राशि 2.16 लाख रूपये की ऑफलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेन्ट www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 27.10.2025 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajsthan.gov.in (UBN No.: AGM2526WSOB00597 to 599) पर भी देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/11770

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

जल संसाधन मंत्री रावत ने ग्राम पंचायत भूडोल एवं रसूलपुरा में 394.41 रूपये लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को किया समर्पित

# पुष्कर क्षेत्र के गांव बनेंगे स्मार्ट गांव : रावत



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर के लोकप्रिय विधायक सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को ग्राम पंचायत भूडोल एवं रसूलपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कुल 394.41 रूपये लाख रुपए की लागत से पूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव को चिकित्सा, शिक्षा, स्वच्छता, रोजगार और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट गांव बनाना मेरा संकल्प है। विकास के हर कार्य में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनभागीदारी सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। बनाएंगे स्मार्ट गांव अपने उद्बोधन में रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। प्रत्येक परिवार को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। भूडोल और रसूलपुरा जैसे गांव अब विकास की नई पहचान बन रहे हैं। जनता के विश्वास और सहयोग से विकसित पुष्कर का सपना शीघ्र साकार होगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य श्रवण सिंह रावत ने कहा कि मंत्री सुरेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुष्कर क्षेत्र निरंतर विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। गांवों से लेकर शहर तक हर स्तर पर सेवा, सुविधा और समर्पण का संगम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत शिविर स्थल पर पहुंचने पर मंत्री रावत का ग्रामीणों ने पारंपरिक उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। ढोल-ढमाकों की गूंज और 51 किलो की विशाल फूलमाला से अभिनंदन करते हुए लोगों ने अपने लोकप्रिय जनप्रतिनिधि का उत्साह एवं उल्लास के साथ अभिनंदन किया। भूडोल ग्राम पंचायत में 136.63 रूपये लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण मंत्री रावत ने ग्राम पंचायत भूडोल क्षेत्र में कुल 136.63 लाख रुपए की लागत से पूर्ण 17 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें आयुष्मान आरोग्य केन्द्र लाडपुरा का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से, उप स्वास्थ्य केन्द्र लाडपुरा चारदीवारी का 5.65 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूडोल में दो कक्षा कक्ष 20 लाख रुपए, लाडपुरा खेल मैदान चारदीवारी 15 लाख रुपए तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लाइब्रेरी कक्ष निर्माण 16 लाख रुपए प्रमुख रहे। इसके अलावा खोडा माता मंदिर के पास ट्यूबवैल निर्माण 1.98 रूपये लाख, कचरा संग्रहण केन्द्र 10 लाख रुपए, लाडपुरा चौराहा बरामदा सुधार एक लाख रुपए, आईटी सेंटर दीवार निर्माण 3 लाख रुपए, श्मशान घाट विश्राम स्थली 4 लाख रुपए, श्मशान प्लेटफार्म एवं टीन शेड कार्य 2.50 लाख रुपए, सार्वजनिक शौचालय 3 रूपये लाख, सीसी ब्लॉक सड़कें 15 रूपये लाख, अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण 8 रूपये लाख, उप स्वास्थ्य केन्द्र भूडोल टीन शेड 0.50 रूपये लाख, खेल मैदान ट्यूबवैल 2 रूपये लाख तथा सार्वजनिक वाचनालय निर्माण 4 रूपये लाख के कार्य भी शामिल हैं। रसूलपुरा ग्राम पंचायत में 257.78 रूपये लाख के कार्यों का लोकार्पण इसके बाद मंत्री रावत ने ग्राम पंचायत रसूलपुरा में 257.78 रूपये लाख की लागत से पूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मदारपुरा का निर्माण 185 रूपये लाख की लागत से हुआ, जो क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सिद्ध होगा। इसके साथ ही खेल मैदान विकास कार्य मदारपुरा 27.17 रूपये लाख, श्मशान विकास कार्य गुवारड़ी 14.66 रूपये लाख, श्मशान विकास कार्य मदारपुरा 12.49 रूपये लाख, श्मशान विकास कार्य रसूलपुरा 14.46 रूपये लाख, तथा खुला बरामदा निर्माण ग्राम पंचायत रसूलपुरा 4 रूपये लाख के कार्य भी शामिल रहे। हरियालो राजस्थान का संदेश और जनकल्याण वितरण इस अवसर पर मंत्री रावत ने दोनों ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे, पोषाहार किट, बीज किट, बीमा राशि एवं अनुदान चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनकल्याण और ग्रामीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। ग्रामीण सेवा शिविरों में भाजपा अजमेर देहात जिला अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, जिला परिषद सदस्य श्रवण सिंह रावत, पंचायत समिति सदस्य ज्ञान सिंह रावत, सरपंच सुमिता अजय रावत, अर्जुन नालिया, नरेंद्र चुंडावत, हंसराज चौधरी, सरपंच रामलाल, उप सरपंच मनफूल रावत सहित सैकड़ों ग्रामीण जन एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दीपावली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचाव अभियान आयोजित

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र, अजमेर द्वारा दीपावली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचाव हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र के सचिव वीर लोकेश जैन सोजतिया ने बताया कि यह पोस्टर प्रति वर्ष केंद्र के वाइस चेयरमैन विजय जैन पांड्या के प्रयासों से तैयार किए जाते हैं और आम जनता में वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाता है। इस अवसर पर चेयरमैन गजेंद्र पंचोली ने कहा कि दीपावली आनंद और प्रकाश का पर्व है, इसे प्रदूषणमुक्त एवं सुरक्षित बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में गजेंद्र पंचोली, अशोक छाजेड़, कमल गंगवाल, राज कुमार गर्ग, विजय जैन पांड्या, लोकेश जैन सोजतिया, गौतम चंद रांका, सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय भक्तामर दिवस पर विश्व शांति के लिए की आराधना



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के अजमेर संभाग के महामंत्री कमल गंगवाल व संभाग संयोजक संजय कुमार जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय भक्तामर दिवस के अवसर पर आयोजित भक्तामर महास्तोत्र आराधना का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन श्री 1008 भगवान महावीर के 2552वें निर्वाण वर्ष के पूर्व विश्व शांति की भावना से पूरे देश और विदेश में एक साथ किया गया। अजमेर जिले में भी यह आराधना सभी जगह गुरुवार को प्रात: 9 बजकर 9 मिनट 9 सेकंड पर प्रारंभ हुई। मंडल के प्रवक्ता विजय पांड्या ने बताया कि यह आयोजन केवल अजमेर ही नहीं, बल्कि देश-विदेश के अनेक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया।

एसएम लोढ़ा फाउंडेशन का बहुरंग कार्यक्रम होगा 11 अक्टूबर को

## शास्त्रीय नृतक जोड़े टीडी राजेंद्र व निरुपमा कत्थक व भरत नाट्यम से करेंगे मंत्रमुग्ध



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** एसएम लोढ़ा फाउंडेशन की ओर से आगामी 11 अक्टूबर शाम 7 बजे राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राजीव गांधी सभागार में कथक और भरत नाट्यम की एक डाज़्ज़लिंग सिम्फनी बहुरंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बेंगलुरु के ख्यातिनाम नृत्यांगना श्रीमती निरुपमा और टीडी. राजेंद्र कत्थक व भरत नाट्यम की शानदार प्रस्तुति देकर अजमेरवासियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। एसएम लोढ़ा फाउंडेशन की संस्थापिका स्मृति लोढ़ा मेहता व तृप्ति जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाउंडेशन का शास्त्रीय संगीत व नृत्य का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस बहुरंग कार्यक्रम में श्रीमती निरुपमा और टीडी राजेंद्र भारत के सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य जोड़े हैं, जो अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ये दोनों तीन दशकों से अधिक समय से भारतीय शास्त्रीय नृत्य को फिर से परिभाषित करते हुए कथक और भरतनाट्यम के लिए अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन और अभिनव दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हैं। वे अभिनव डांस कंपनी के संस्थापक हैं, जिसने 200 से अधिक मूल प्रस्तुतियों का निर्माण किया है, पांच महाद्वीपों में प्रदर्शन किया है। 3000 से अधिक छात्रों का पोषण किया है और दुनिया भर में 700 से ज्यादा नर्तकियों को सशक्त बनाया है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य में उनके योगदान को विश्व स्तर पर मान्यता और सम्मान दिया गया है। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, कर्नाटक सरकार से कर्नाटक कलाश्री, चेन्नई में कृष्ण गण सभा से नृत्य चूडामणि, द इंडियन एक्सप्रेस से देवी पुरस्कार और फ्लोरिडा में वैदिक वेलनेस यूनिवर्सिटी के फेलो के रूप में मान्यता शामिल है।

## त्योहारी सीजन पर महासमिति ने दी 200 जरूरतमंदो को वस्त्र खाद्यसामग्री की सेवा

**अजमेर।** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवामहिला संभाग अजमेर की सवौदय कालोनी इकाई के तत्वावधान में समिति संरक्षक राकेश पालीवाल, पुरुष समिति के अध्यक्ष अतुल पाटनी, इकाई अध्यक्ष अनामिका सुरलाया के सहयोग से एवं समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के आथित्य में गणेशगढ़ मंदिर की तलहटी एवं आस पास के क्षेत्र में रहने वाले दो सो से अधिक बच्चों,महिलाओं को त्योहारी सीजन को देखते हुए नए वस्त्र के साथ खाद्य सामग्री का वितरण किया गया युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा एवं इकाई मंत्री रेनू पाटनी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत देने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओ से संपर्क किया गया और घर घर जाकर एक स्थान पर एकत्रित होने का अनुरोध किया गया जहां क्रमबद्ध तरीके से सम्मान के साथ सेवा भेंट की गई।

जिला कलक्टर ने ली आपदा प्रबंधन पर बैठक

## अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की तात्कालिक मरम्मत पर हुई चर्चा



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** प्राकृतिक आपदाओं में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की तात्कालिक मरम्मत के लिए तकनीकी स्वीकृतियों के संबंध में जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकबंधु की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपखंड स्तरीय समितियों द्वारा प्राप्त विभिन्न विभागों की क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आपदा प्रभावित परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। इससे प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन शीघ्र बहाल हो सकेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जर्जर भवनों के स्वीकृत प्रस्तावों के तकनीकी स्वीकृति जारी करने एवं दिवाली पूर्व कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए। इसमें सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागवार प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार जिले में कुल 1312 परिसंपत्तियाँ अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पाई गई हैं। इन पर लगभग 2575.35 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें शिक्षा विभाग के 707 विद्यालय भवन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 29 प्राथमिक एवं 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 220 सड़क कार्यों, 198 आंगनबाड़ी भवनों, पंचायत राज विभाग की 23 परिसंपत्तियाँ तथा अन्य विभागों की भी परिसंपत्तियाँ सम्मिलित हैं। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि प्रस्तावित मरम्मत कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि उपखंड स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को बजट स्वीकृति प्राप्त होने पर क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती वंदना खोरवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, सार्वजनिक निर्माण, शिक्षा, जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, महिला अधिकारिता एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सफलता की कहानी-1 ग्रामीण सेवा शिविर मकरेड़ा

## स्वामित्व कार्ड एवं पटटा जारी कर घर का वैध मालिकाना हक मिला

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति पीसांगन के ग्राम पंचायत मकरेडा मे ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर श्री नरेश नाथ पुत्र श्री छोगा नाथ के जीवन मे नया उजाला लेकर आया। शिविर के दौरान प्रार्थी द्वारा अपने मकान का पट्टा बनवाने के लिए जानकारी लेकर आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी द्वारा प्राप्त आवदेन राजस्व टीम द्वारा मौके आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण करवाया गया। शिविर प्रभारी द्वारा कैम्प के दौरान प्रार्थी को स्वामित्व कार्ड और पटटा प्रदान कर उन्हे उनके घर का वैध मालिकाना हक प्रदान किया गया। पट्टा लेने के बाद श्री नरेश नाथ ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस वैधानिक अधिकार से अब बैंक से लोन लेकर नया व्यापार प्रारम्भ करूंगा। इससे मेरी आय में वृद्धि होगी और मेरे परिवार का जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होने इसके लिए सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

**सफलता की कहानी-2 : ग्रामीण सेवा शिविर फारकिया** कृषि भूमि का मौके पर हुआ बंटवारा, काश्तकारों के चेहरे पर आई मुस्कान सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति श्रीनगर की ग्राम पंचायत फारकिया मे ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम फारकिया की भंवरी पत्नि मल्ला एवं सन्तोष पत्नि सुरजमल दोनो जाति रावत के कृषि भूमि खेत का बंटवारा करवाने के लिए आपस में सहमति नही बन रही थी। शिविर में राजस्व टीम द्वारा उनको समझाने पर वह प्रार्थीगण बंटवारे के लिए सहमत हुई। इनके 10 बीघा रकबा इसमें छोड़े-बड़े 16 टुकड़े थे, जिनका शिविर में मौके पर ही निस्तारण करते हुए बंटवारा किया गया। सभी काश्तकारों के चेहरे पर मुस्कान आई। खुश होकर शिविर में उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया और खुशी से विदा हुए।

**सफलता की कहानी-3 ग्रामीण सेवा शिविर न्यारा** दिव्यांग मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का मिला लाभ सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति श्रीनगर की ग्राम पंचायत न्यारा मे ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री गणेश पुत्र मादू उपस्थित हुआ। उसने बताया कि शिविर मे मुझे मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की जानकारी मिली। इस पर मौके पर ही मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन में योजना में आवेदन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शिविर मे मेरा तुरन्त पंजीयन कर मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए पेंशन योजना में पंजीकरण कर लाभ प्रदान किया गया। शिविर में मौके पर ही पेंशन संबंधी सभी कार्य होने और पेंशन चालू होने पर दिव्यांग लाभार्थी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं उपस्थिति शिविर प्रभारी व सभी को धन्यवाद दिया।

**सफलता की कहानी-4 ग्रामीण सेवा शिविर बड़ली** मौके पर राजस्व रिकॉर्ड में हुआ नाम सहीं सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति भिनाय की ग्राम पंचायत बड़ली मे ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रार्थी रोडू पुत्र मूला रेगर द्वारा शिविर प्रभारी के समक्ष राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धि हेतु गुहार लगायी। शिविर प्रभारी ने तुरंत पटवारी हल्का को नाम शुद्धि के लिए दस्तावेज तैयार कर आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी-10 क्रिकेट महोत्सव 26 से 30 अक्टूबर तक

## शहर के 80 वार्डों की टीमों में भारी उत्साह



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी-10 क्रिकेट महोत्सव का आयोजन आगामी 26 से 30 अक्टूबर तक शहर के विभिन्न क्रिकेट मैदानों पर होने जा रहा है। जिसमे अजमेर नगर निगम के नये 80 वार्डों के 18 वर्ष से अधिक आयु वाले खिलाडियों में भारी उत्साह है।

अध्यक्ष संपत सांखला ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी तय मैदानों का निरीक्षण किया गया व तकनीकी व्यवस्थाओं के लिए बैठक 10 अक्टूबर को सांय 5 बजे स्वामी कॉम्प्लेक्स पर आयोजित की जायेगी व अजमेर के खेल प्रेमियों के लिए 11 अक्टूबर को सांय 5 बजे कचहरी रोड़ स्थित रेल्वे बिसिट पर वार्डों से खेलने वाले पूर्व व नवीन खिलाड़ी उपस्थित होगे, जिन्हें प्रतियोगिता की पूर्ण जानकारी दी जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रविष्टि फार्म विष्णु अवतार भार्गव से स्वामी कॉम्प्लेक्स पर 9929097232 व हाड़ा क्लिनिक, धोला भाटा से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है, सीधा प्रसारण सोशल मीडिया पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए 9414003177, 9772244000, 9828191081, 946070770 पर संपर्क किया जा सकता है। संरक्षक डॉ. प्रियशील हाड़ा ने बताया कि सभी मुकाबले टी-10 नॉकआउट आधार पर खेले जाने है। विजेता एवं उपविजेताओं को प्रतियोगिता की ट्रॉफी के साथ-साथ नगद पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा। खेलने वाले खिलाड़ियो को संस्था की ओर से रंगीन क्रिकेट पोशाक दी जायेगी। मुकाबले सफेद लेदर बॉल से खेले जाएंगे

## श्रमिक कल्याण मण्डल की योजनाओं के सम्बन्ध में विभाग कार्यालय से ले जानकारी

**अजमेर।** कार्यालय संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त के स्तर से भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मण्डल की योजनाओं का ऑनलाईन माध्यम से निस्तारण किया जा रहा है। इन योजनाओं में आवेदन, निस्तारण एवं हिताधिकारी को हितलाभ का भूगतान पूर्णत: ऑनलाईन माध्यम से किया जाता है। कार्यालय में पिछले कुछ दिनों से दूरभाष पर कई व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया है कि अनजान व्यक्ति द्वारा स्वयं को श्रम विभाग का अधिकारी बताकर योजनाओं का लाभ दिलाने की एवज में राशि की मांग की जा रही है। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त श्री विश्वेश्वर चौधरी ने बताया कि कार्यालय स्तर से से कोई फोन नहीं किए गए है ना ही कोई राशि की माँग की गई है। जनसामान्य इस तरह के बहकावे में ना आवे व सी कोई घटना होने पर इसकी रिपोर्ट नजदीकी पुलिस थाने में दे सकते है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ऋण जागरूकता शिविर हुआ आयोजित

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड जयपुर एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के निर्देशानुसार कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा ऋण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन समारोह में श्री सैयद अफसान चिश्ती, श्री मुंशिफ अली, सर्वधर्म मैत्री संघ से श्री डी. आर. बेरवाल एवं श्री प्रकाश चंद जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में समस्त अतिथियों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए सुझाव दिए गए। जिला अल्यसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री नितेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2025 अंतर्गत एकमुश्त समाधान योजना में प्रथम चरण में लाभान्वित ऋणियों को अदेय प्रमाण पत्र तथा कार्यालय में विभागीय योजनाओं यथा ऋण एवं अन्य योजनाओं में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## आज विभिन्न स्थानों पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होंगे शिविर आयोजित

**अजमेर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शुक्रवार 10 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बताया कि शुक्रवार को अजमेर की गेगल एवं बुबानी, भिनाय की लामगरा एवं पडांगा, केकड़ी की सलारी एवं मानखण्ड, नसीराबाद की न्यारा एवं श्रीनगर, सरवाड़ की कासीर एवं डबरेला तथा पीसागंन की लीडी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर 2025 होंगे।

## काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

### अल्पसंख्यक समुदाय की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण पात्र छात्राएं ले सकेंगी लाभ

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं पारसी की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण पात्र छात्राओं के लिए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना 2025-26 में ऑनलाईन आवेदन के लिए पोर्टल 23 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक खोला गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री नितेश कुमार जैन ने बताया कि इस योजना में राजस्थान स्थित राजकीय, निजी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय की पात्र छात्राओं को विभागीय वेबसाईट https://hte. rajasthan.gov.in/ पर ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश एवं नियमों की जानकारी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की विभागीय वेबसाइट के होम पेज पर ऑनलाईन स्कॉलरशिप पर उपलब्ध है। योजना के संबंध में जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से भी ली जा सकती है। छात्रा द्वारा ऑनलाईन आवेदन स्वयं की एसएसओ, आईडी बनाकर किया जाना है। समस्त अल्पसंख्यक वर्ग की पात्र छात्राएँ 31 अक्टूबर तक अपना आवेदन करना सुनिश्चित करे।

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर
टैलीफोन नम्बर:- 01462-230051 ई-मेल:- npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2025/3921 दिनांक :- 07.10.25

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों / मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | क्षेत्र | क्षैत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | नन्दकिशोर पुरोहित पुत्र मदनसिंह पुरोहित | शास्त्री कॉलोनी बिजयनगर में भूखण्ड संख्या 19 के पूर्व दिशा में स्थित खांचा भूमि। | 45.97 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला-ब्यावर (राज0)**
क्रमांक / न.पा.बि. / स्टोर / 2025 / 3889 दिनांक :- 07 / 10 / 2025

**अल्पकालीन ऑन लाईन निविदा सूचना 02/2025-26**

नगरपालिका बिजयनगर द्वारा पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में E-Procurement प्रकिया से www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तो व अन्य विस्तृत जानकारी इंटरनेट वेब साईट www.sppp.raj.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | : | 02 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | : | रू 49.98 लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत |
| ऑन लाईन निविदा फार्म प्राप्त करने व जमा करवाने की दिनांक | : | 09 / 10 / 2025 प्रातः 11.00 बजे से 15 / 10 / 2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क डी.डी., धरोहर राशि डी. डी एवं प्रोसेसिंग शुल्क डी.डी. भौतिक रूप से जमा कराने की अंतिम दिनांक | : | 16 / 10 / 2025 प्रातः 11:00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | : | 16 / 10 / 2025 दोपहर 01:00 बजे |

उक्त निविदा का NIB Code :-DLB2526A6899 है।
नोट :-निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर के नाम से एवं प्रोसेसिंग शुल्क Managing Director, RISL payable at Jaipur के नाम से एवं ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (D.D) निविदा जारी होने कि दिनांक के बाद के होने चाहिए।

अध्यक्ष
नगरपालिका बिजयनगर
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर
राज.संवाद / सी / 25 / 11752

## सम्पादकीय...

### भारत के पक्ष में अमेरिकी संसद



अमेरिकी कांग्रेस के 19 सांसदों के समूह ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर भारत से संबंध सुधारने का आग्रह किया है ट्रंप को लिखे पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ के कारण अब भारत के अमेरिका के साथ संबंध खराब हो रहे हैं वहां की जनता में भी अमेरिका के प्रति नाराजगी हो गई है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है इसलिए इसका फर्क पूरी दुनिया पर पड़ेगा। पत्र में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन की हाल ही की नीतियों ने और टैरिफ बढ़ाने के फैसले के चलते दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अमेरिका का संबंध तनाव पूर्ण हो गया है इसका परिणाम यह रहा है कि भारत अब रूस और चीन के साथ जाते जा रहा है।

पत्र में इन सांसदों ने कहा कि ट्रेडिंग पार्टनर के तौर पर भारत के महत्व को अमेरिका के प्रशासन को समझना चाहिए अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स सेमीकंडक्टर से लेकर स्वास्थ्य सेवा ऊर्जा तक विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख सामग्री के लिए भारत पर निर्भर है भारत में निवेश करने वाले वाली अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में से एक तक पहुंच प्राप्त करती है साथ ही अमेरिका में भारतीय निवेश ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा किए हैं लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी प्रशासन लगातार भारत के साथ अनुचित व्यवहार कर रहा है इसकी अमेरिका को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।अमेरिका के अर्थशास्त्री भी मानते हैं कि भारत पर 50% अतिरिक्त लगाने के बाद अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर भी खराब असर पड़ेगा क्योंकि अमेरिका की कई कंपनियां जो भारत में व्यापार करके बहुत बड़ी बन गई है क्योंकि भारत का बाजार अंतरराष्ट्रीय स्तर का है जनसंख्या ज्यादा है और जो यहां के व्यापार में कंपनी छा जाती है वह दुनिया भर में नंबर वन हो जाती है

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

1910 – वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

1991 – भारत ने विश्व कैरम प्रतियोगिता का टीम खिताब जीता।

1992 – दूसरा हुगली पुल 'विद्यासागर सेतु' खुला।

2003 – भारत ने इस्रायल रूस के साथ एवाक्स निर्माण के लिए समझौता किया।

**-धर्म चंद मेहता**

### क्रॉस फायर

❑ **प्रधानमंत्री मोदी बोले कांग्रेस पार्टी मुंबई हमले के बाद आतंकवाद के सामने झुकी।**

◆ झुकना तो सबको पड़ता है सिंदूर में भी ऐसा ही हुआ।

❑ **मल्लिकार्जुन खड़गे बोले मुख्य न्यायाधीश पर हमले की कोशिश निंदनीय आरोपी वकील को मिले सजा।**

◆ वकील को भी सजा मिले और वकील बनाने वाले को भी सजा मिले।

❑ **भजनलाल बोले अपराधियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही।**

◆ हवा में हाथ मारो तो अपराधी पकड़ में आ ही जाएगा।

❑ **वसुंधरा बोली नंदलाल मीणा ने मंत्री पद की बजाए जिला मांगा उन्हें दोनों मिले।**

◆ आजकल के नेता तो मंत्री बनने के लिए जिला छोड़ रहे हैं।

❑ **केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बोले नीतीश कुमार ही बिहार में एनडीए के मुख्यमंत्री चेहरे।**

◆ अभी तो मना के रखो, चुनाव बाद की चुनाव बाद देखेंगे।

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत।**

◆ प्रेरणा तो नेताओं को भी लेनी चाहिए पर वे लेते नहीं।

❑ **कटाई के बाद रखी फसल वर्षा से खराब होने पर मिल सकेगा बीमा क्लेम।**

◆ क्लेम के चक्कर में फैसले पड़ी मत रखना।

❑ **सांसद राजकुमार रोत को मिली जान से मारने की धमकी।**

◆ गिरते ग्राफ को बचाने का यह बेहतर तरीका है।

**..............अंजू लोढ़ा**

### आज का राशिफल

**शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025**



**मेष राशि:** आज थोड़ी कम चिड़चिड़ाहट हो सकती है, लेकिन परिस्थितियों, मन की चंचलता पर जीत की आवश्यकता होगी। शांत रहें और प्रतीक्षा करें।



**वृषभ राशि:** आज एक बड़े परिवर्तन का संकेत मिल रहा है। करियर के मोर्चे पर शानदार घटनाक्रम देखने को मिलेंगे और आप सकारात्मक, साहसिक और सही निर्णय लेंगे।



**मिथुन राशि:** आज अपने भाग्य पर भरोसा रखें। कोई भी काम उतना ही करें, जितने में आप खुद को तनाव से मुक्त रख पाएं। रिश्तों में आपको किस्मत का सहारा मिलेगा। प्रकृति और अपने भीतर की आवाज पर भरोसा करें।



**कर्क राशि:** आज कुछ फालतू कामों में आपकी ऊर्जा खर्च हो सकती है। जिम्मेदारियों पर फोकस कम रह सकता है या कुछ ऐसे काम आपके हिस्से आ सकते हैं, जिनका कोई खास परिणाम आपको ना मिले।



**सिंह राशि:** नए विचारों के साथ आगे बढ़ने का अच्छा समय है। भावनात्मक रूप से आप काफी दबे हुए हैं, अपनी भावनाओं खुल कर व्यक्त करने का समय है।



**कन्या राशि:** आज कुछ चीजों में आप बेचैनी का अनुभव कर सकते हैं। अपने मन को शांत करें और जब तक यह टल ना जाए, इसी स्थिति में रहें।



**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए काफी महत्वपूर्ण है। अपनी जिमेदारियों के प्रति सचेत रहें, उन्हें पूरे समर्पण से निभाएं, इससे आपके जीवन में कई रुके हुए काम बन जाएंगे।



**वृश्चिक राशि:** आप जैसे भी हैं, वैसे ही रहें। किसी ओर के भ्रमजाल में ना फंसें। आप अगर अपनी तुलना दूसरों से करेंगे तो खुद ही परेशान होंगे। आज आपका फोकस खराब होगा।



**धनु राशि:** आज उचित दिनचर्या और खान पान से लाभ होगा। अटके काम आज पूरे होने के योग हैं। अपना काम पूरे फोकस से करते रहें। आज कोई लापरवाही न करें।



**मकर राशि:** यह आपके मन, शरीर और आत्मा को फिर से जीवंत करने का समय है। अपनी दिनचर्या से थोड़ा ब्रेक लेकर बाहर जा सकते हैं। ये समय आपको खुद के लिए रिजर्व रखने का है।



**कुम्भ राशि:** जब आप एक दिशा में आगे बढ़ते रहें तो स्थितियां खुद को प्रकट करेंगी। नियति उसकी कार्रवाई तय करेगी। आराम करें और अपने रिश्ते को आत्मनिरीक्षण करें।



**मीन राशि:** दमन तब होता है, जब व्यक्ति जिम्मेदारियों और परेशानियों से घिर जाता है। जैसा कि कहते हैं, हर चीज की अधिकता बुरी है। अपने उत्साह और पहचान पर करियर के मामलों को खराब न होने दें।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**– अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं को हर क्षेत्र में मिल रहे बढ़ने के पर्याप्त अवसर**

# नारी शक्ति आर्थिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक, विकसित राजस्थान के लक्ष्य को गति देने में महिलाएं निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को केन्द्र में रखकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। जिससे इस आधी आबादी को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। शर्मा का मानना है कि देश-प्रदेश की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण से ही संभव है। इसी धारणा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। जिससे प्रदेश में महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं। राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से प्रदेश में आज महिलाएं खेती से लेकर उद्योग, सेवा, आधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं तथा 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**डबल इंजन की सरकार से महिलाओं को मिल रही बड़ी राहत**– देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार नारी शक्ति आर्थिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक है। उनके नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित कर रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश में 9.50 लाख महिलाओं को पंजीकृत किया गया। साथ ही, योजना के तहत देय राशि 5,000 रूपये से बढ़ाकर 6,500 रूपये की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत महिलाओं को 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**1.22 करोड़ महिलाओं निःशुल्क सैनिटरी नेपकिन वितरित**– महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत ढाई लाख गर्भवती महिलाओं को क्यूआर कोड जनित कूपन जारी किए गए जिससे महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध हुई। साथ ही, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रतिमाह पूरक पोषाहार सेवा से लाभान्वित किया गया। इसमें 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती-धात्री महिलाओं को माईक्रोन्यूट्रियन्ट फोर्टिफाईड रेसिपियां उपलब्ध



करवायी जा रही है। मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना, 1.22 करोड़ महिलाओं निःशुल्क सैनिटरी नेपकिन वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत मानदेय कर्मी साथिन का मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि जैसे कार्यों से महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।

**राज्य सरकार महिलाओं को दे रही विशेष रियायतें**– राज्य सरकार विभिन्न अवसरों पर महिलाओं को रोडवेज बसों में विशेष छूट भी देती है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 12.78 लाख महिला यात्रियों को तथा रक्षाबंधन पर 7.48 लाख महिला यात्रियों को निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई। मुख्यमंत्री की एक अनूठी पहल पर प्रदेश की लगभग 1,400 से अधिक वीरांगनाओं के सम्मान में इस वर्ष रक्षा बंधन के पर्व पर प्रत्येक वीरांगना को भेंट स्वरूप फल, शॉल, मिठाई एवं 2,100 रूपये नगद राशि दी गई।

**बालिकाओं को 39 हजार से अधिक स्कूटियों का किया गया वितरण**– शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को राज्य सरकार अनेक प्रोत्साहन देकर सशक्त कर रही है। गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार योजना, मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना, आपकी बेटी योजना, मूक बधिर एवं नैत्रहीन बालिकाओं हेतु अक्षमता युक्त आर्थिक सबलता पुरस्कार योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश में बालिकाएं लाभान्वित हो रही हैं। राज्य सरकार द्वारा कालीबाई उच्च शिक्षा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अन्तर्गत 39 हजार से अधिक स्कूटियों का वितरण किया गया।

**महिलाओं को मिल रहे विकास के समान अवसर**– प्रदेश के विकास में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु छात्राओं के लिये सत्र 2024-25 से 30 प्रतिशत सीटें क्षैतिज रूप में आरक्षित की गई। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तक लाखों महिलाओं को आर्थिक राहत दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, कृषि संकाय में उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन, 10.51 लाख साइकिलों का वितरण, आवासीय संस्थानों के मैस भत्ते की राशि, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत 1.17 लाख बालिकाओं के जन्मोत्सव**– राज्य में बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उनके स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा "लाडो प्रोत्साहन योजना" प्रारम्भ की गई। इसके तहत गरीब परिवारों को बालिकाओं के जन्म पर 1.50 लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 4.18 लाख बालिकाओं को प्रथम किश्त से लाभान्वित किया जा चुका है। साथ ही, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 1.17 लाख बालिकाओं के जन्मोत्सव मनाए गए।

**181 महिला हेल्पलाइन से हजारों महिलाओं को मिली त्वरित सहायता**– महिला सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में राज्य में चयनित पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों पर 62 हजार प्रकरणों में पीडित महिलाओं को आवश्यक सहायता व परामर्श प्रदान किया गया। इसी तरह 50 सखी केन्द्रों में 18 हजार 270 प्रकरणों में तथा महिला हेल्पलाईन-181 के माध्यम से 21 हजार 766 प्रकरणों में महिलाओं को आवश्यक तथा त्वरित सहायता प्रदान की गई। राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम के लिए एवं बच्चियों तथा महिलाओं को भयमुक्त वातावरण देने के लिए राज्य में 500 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट' के गठन किया गया।

**महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उठाए कई कदम**– महिलाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार ने कई निर्णय लिए हैं। महिला निधि के माध्यम से 31,053 स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराया गया। लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में 18.25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी का प्रशिक्षण दिया गया तथा लगभग 11 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाया गया। योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने इसे डिजिटल आजीविका रजिस्टर प्रविष्टियों के लिए भारत के शीर्ष दो राज्यों में स्थान दिलाया है।

अमृता हाट, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में क्रमोन्नत, स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका संवर्धन के लिए राशि उपलब्ध कराने, महिलाओं को उन्नत कृषि तकनीकी के तहत ड्रोन संचालन प्रशिक्षण जैसे कार्यों से महिलाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन मिला है। साथ ही, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम- जनमन) के अंतर्गत बारां जिले में 90 पीवीटीजी वन धन विकास केन्द्रों का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत सहरिया जनजाति की 15 हजार 878 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक अंचल में महिला सशक्तीकरण पर फोकस किया है। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे निरन्तर निर्णयों से उनके पंखों को उडान मिली है तथा वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी आधी आबादी की पूर्ण सहभागिता से उत्कृष्ट एवं समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

# करवा चौथ पर विशेष–नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ



**रमेश सर्राफ धमोरा**

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्यौहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फ़िर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।हमारा देश एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें। शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है।

उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथका व्रत बतलाया। इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी।भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो। बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है।


# मानसिक स्वास्थ्य को तरोताजा रखती है शारीरिक गतिविधियां



**बाल मुकुन्द ओझा**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है ताकि लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके। इस साल की थीम मन का महत्व- भावनात्मक मजबूती का निर्माण रखी गया है। इस थीम का जन साधारण को यह समझाना है कि भावनात्मक संतुलन बनाए रखना, आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को मजबूत करना जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और खुशहाली के लिए जरूरी है। आज के दौर में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरी हैं। एक बेहतर स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ मानसिकता अत्यंत आवश्यक है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में आठ में से एक व्यक्ति मेंटल डिसऑर्डर यानि मानसिक रूप से अस्वस्थता का शिकार है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में काम का दबाव और समय का प्रबंधन हम पर इस कदर हावी हो चुके हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। बच्चे से बुजुर्ग तक मानसिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण गुड हार्मोन सेरोटोनिन का रिलीज कम हो जाता है, जो सीधे तौर पर मूड को ठीक रखने के लिए आवश्यक है। इसका हमारे शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त प्रवाह बढ़ता है और इससे मूड सुधरने लगता है। इस स्थिति में आपमें सकारात्मक भावनाओं की कमी हो सकती है। हर दिन केवल 30 मिनट पैदल चलने से आपके मूड को बेहतर बनाने और आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। काम से समय निकाल कर हर दिन एक्सरसाइज करें। मन को शांत रखने के लिए योग बेहतरीन अभ्यास है। संतुलित आहार और भरपूर पानी पूरे दिन आपकी एनर्जी और फोकस में सुधार कर सकता है। कोल्ड ड्रिंक या कॉफी जैसे कैफीनयुक्त ड्रिंक्स का सेवन सीमित करें। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समग्र उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयास जुटाना है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर काम करने वाले सभी हितधारकों को अपने काम के बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है, और दुनिया भर के लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को वास्तविकता बनाने के लिए और क्या करने की आवश्यकता है, इसके बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन पूरी दुनिया में मानसिक बीमारी से जुड़े हुए विषय पर कई प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें लोगों को किस प्रकार आप अपने आप को मानसिक रूप से स्वस्थ रखेंगे उसके बारे में डॉक्टर के द्वारा कई प्रकार के टिप्स और जानकारी उपलब्ध करवाए जाते हैं, ताकि आप उन टिप्स और जानकारी का अनुसरण कर अपने आप को मानसिक रूप से मजबूत बना सके। तनाव, चिंता और अवसाद या फिर किसी भी तरह की मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या मानसिक रोगों की श्रेणी में आता है। मानसिक रोगी की मनोदशा और स्वास्थ्य का असर उसके स्वभाव में देखने को मिलता है। ऐसा व्यक्ति अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता है।

# सुहागिनों का त्योहार करवा चौथ



**डॉ मोनिका ओझा खत्री**

करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की सलामती, अपने वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि और लम्बी उम्र के लिए उपवास रखती है। यह व्रत कुंवारी लड़कियां भी रखती हैं। सुहागिनों का सबसे खास पर्व करवा चौथ का त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ पर्व इस साल 1 0 अक्टूबर, शुक्रवार को है। पंचाग के मुताबिक करवाचौथ पर पूजा का शुभ समय शाम 5-57 मिनट से शुरू होगा जो 7-11 बजे तक रहेगा। यानि पूजा का शुभ मुहूर्त एक घंटे 14 मिनट का होगा। चंद्रोदय शाम 7 बजकर 42 मिनट पर रहेगा। इस दिन महिलाएं रात को चांद देखकर उसे अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। इस व्रत की शुरुआत सावित्री के त्याग और फल से हुई थी।



पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री अन्न जल त्याग कर यमराज से अपने पति को वापस लाई थी। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है। यह व्रत अच्छे गृहस्थ जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। सोलह श्रृंगार में माथे पर लंबी सिंदूर अवश्य हो क्योंकि यह पति की लंबी उम्र का प्रतीक है। मंगलसूत्र, मांग टीका, बिंदिया ,काजल, नथनी, कर्णफूल, मेहंदी, कंगन, लाल रंग की चुनरी, बिछिया, पायल, कमरबंद, अंगूठी, बाजूबंद और गजरा ये 16 श्रृंगार में आते हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां निर्जल व्रत कर चौथ माता से अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करती है। इस व्रत को उत्तर भारत में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। व्रत में चौथ माता के पूजन का महत्व सर्वाधिक है। इस दिन महिलाएं सजी थाली से पूजा करना शुभ मानती हैं। करवा चौथ के व्रत में चौथ माता की पूजा करना जरूरी होता है। थाली में सिंदूर, रोली, जल और सूखे मेवे रखते हैं। करवा चौथ के व्रत और पूजा में इस थाली का खासा महत्व होता है। इसलिए कुछ महिलाएं खुद भी ये थाली सजाती हैं। करवा चौथ पर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा होती है। इस पूजा में शाम को सभी व्रती महिलाएं एक साथ बैठकर व्रत कथा कहती हैं। सबसे पहले चौथ माता की स्थापित मूर्ती पर फूल-माला और कलावा चढाया जाता है और उनके प्रतिमा के आगे करवा में जल भर कर रखा जाता है। करवा चौथ के दिन चंद्रमा उदय होने का समय सभी महिलाओं के लिए बहुत महत्व का है क्योंकि वे अपने पति की लम्बी उम्र के लिये पूरे दिन (बिना पानी के) व्रत रखती हैं। वे केवल उगते हुये पूरे चाँद को देखने के बाद ही पानी पीती हैं। यह माना जाता है कि चाँद देखे बिना व्रत अधूरा है। इस दिन महिला न कुछ खा सकती हैं और न पानी पी सकती हैं। इस दिन महिलाएं शिव, पावर्ती और कार्तिक की पूजा-अर्चना करती हैं फिर शाम को छलनी से चंद्रमा और पति को देखते हुए पूजा करती हैं। पूजा के समय ही करवा चौथ की कथा सुनी जाती है. चन्द्रमा को छलनी से देखा जाना चाहिए।

## मार्केट में फैली गंदगी को साफ करने की मांग को लेकर सोपा ज्ञापन



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के फवारा सर्किल पर स्थित गोविंदम मार्केट के व्यापारियों के द्वारा नगर परिषद आयुक्त भगवानसिंह को एक ज्ञापन सोपा गया है। यह ज्ञापन साफ सफाई की मांग को लेकर सोपा गया है।व्यापारियों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग करते हुए बताया है। गोविंदम मार्केट जो नेहरू पार्क के पास स्थित है। इसमें पिछले दो महीने से सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है। जिसकी की वजह से मार्केट में गंदगी फैल चुकी है।जिसके चलते मच्छर मौसमी बीमारियां पनप रही है। जानवरों का आवागमन ज्यादा हो गया है। जिसकी वजह से हर दिन कोई न कोई दुर्घटना होने की संभावना लगी रहती है। आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए मार्केट में साफ सफाई करवाई जाए। नियमित सफाई कर्मचारी लगाए जाए। इन सभी मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया हैं। ज्ञापन देने वालो में श्रवण राम पप्पू जगदीश कानजी सहित अन्य मौजूद रहे।

## यात्री एवं भार वाहनों के कर बकाया तथा बालवाहिनियों के फिटनेस के संबंध में निर्देश

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक रखी गई, जिसमें जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने यात्री भार वाहनों में कर बकाया की वसूली को लेकर सख्त निर्देश दिये। इसी के साथ जिन बालवाहिनियों की फिटनेस खत्म हो चुकी है फिर भी स्कूलों में संचालित हो रही है उन पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं तथा इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को भी ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द करने के संबंध में निर्देशित किया जो बिना फिटनेस वाली बाल वाहिनियों का संचालन विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने के लिए कर रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी सुप्रिया बिश्नोई ने अवगत कराया कि 419 भार वाहन व यात्री वाहन जिनका गत वित्तीय वर्ष का कर बकाया है उनके खिलाफ आरसी निलंबन व सम्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की जा रही है।इस संबंध में 357 ऐसे भार बाहनों जिनके कर बकाया है।फिटनेस समाप्त है उनको निलंबित कर दिया गया है तथा जिला कलक्टर के माध्यम से सन्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है जिले में सचालित 442 बाल वाहिनियां जिनकी फिटनेस समाप्त है उनकी आरसी निलंबन के नोटिस दिए गये हैं तथा नोटिस के उपरान्त भी फिटनेस नहीं कराने वाली बाल वाहिनियों की आरसी निलंबन व निरस्त की कार्यवाही भी की जायेगी।इसके साथ ही कर बकाया वाले वाहनों व अवैध बाल वाहिनियों की सूची संबंधित परिवहन के क्षेत्र के मोटर वाहन निरीक्षक निरीक्षकों को उपलब्ध करावाकर इनके खिलाफ सघन प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।साथ ही शत-प्रतिशत राजस्व वसूली, नो पार्किंग, बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट, ओवरलोड, काले शीशे वाली गाड़ियों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## पदस्थापन में विसंगतियों को लेकर अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी




**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** वित्त विभाग के लेखा संवर्ग में पदस्थापना को लेकर चल रही गंभीर विसंगतियों को लेकर राजस्थान अकाउंटेंट्स एसोसिएशन की बूंदी शाखा ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मीणा की अगुवाई में जिला कलेक्टर के माध्यम से उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि पूरी व्यवस्था में अनुभव को दरकिनार कर मनमाने तरीके से पदस्थापन किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था चरमरा गई है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मीणा ने बताया कि अतार्किक व्यवस्था से न केवल अधिकारियों का मनोबल टूट रहा है, बल्कि सरकारी कार्यालयों में वित्तीय अनुशासन भी भंग हो रहा है। अनुभव और नियमों की जानकारी के अभाव में नवनियुक्त कर्मचारी महत्वपूर्ण वित्तीय निर्णय लेने में असमर्थ हैं, जिससे सरकारी नियमों और अधिनियमों की पालना नहीं हो पा रही है। कई कनिष्ट लेखाकारों को अपने जिले में पद होते हुए भी अन्य जिले में पदस्थापित कर दिया गया है ज्ञापन में बताया गया है कि वित्त विभाग में स्थिति बेहद चिंताजनक है। हाल ही में नियुक्त हुए अनुभवहीन कनिष्ठ लेखाकारों को सीधे सहायक लेखा अधिकारी द्वितीय और प्रथम जैसे जिम्मेदार पदों पर बिठा दिया गया है। वहीं, विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के बाद सहायक लेखा अधिकारी द्वितीय और फिर प्रथम के पद पर पदोन्नत हो चुके वरिष्ठ अधिकारियों को उनके मूल कनिष्ठ लेखाकार के पद पर ही काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह एक ऐसी विडंबना है जहां पदोन्नत अधिकारी अपने से निचले पद पर हैं और नए कर्मचारी बिना अनुभव के उनके पद पर काम कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में जीते मेडल




**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में संचालित पूजा इंटरनेशनल एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलो में शानदार प्रदर्शन करके मैडल जीते है। स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर बजरंग सिंह राठौड़ ने बताया कि भीलवाडा में आयोजित 69 वीं अंडर-14 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में स्कूल की खिलाड़ी श्रेया कंवर, राजनंदनी, आकांशा पुनिया ने गोल्ड मैडल जीते है। जबकि रग्बी प्रतियोगिता में कार्तिक, अंकित पुनिया ने गोल्ड मैडल एवं बॉक्सिंग में मेघराज ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। रग्बी प्रतियोगिता में डीडवाना-कुचामन जिले के टीम विजेता रही। स्कूल के निदेशक डॉक्टर रणजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ियों ने डीडवाना-कुचामन जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार खेल के प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटने पर सभी खिलाड़ियों का स्कूल परिसर में स्वागत करके अभिनंदन किया गया।

## महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में अनुष्ठान आराधना में सर्व मंगल व सुख शांति की कामना




**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में गुरूवार को श्रद्धा एवं भक्ति से परिपूर्ण माहौल में साप्ताहिक अनुष्ठान आराधना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रतलाम से आई मुमुक्षु शीतल सोलंकी का भी महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में अभिनंदन किया गया। अनुष्ठान आराधना के तहत नवकार मंत्र रक्षा कवच ''श्री वज्र पंज्जर स्तोत''का जाप किया गया। हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने शुद्ध भावों के साथ इस श्लोक का जाप किया तो पूरा वातावरण पवित्र एवं पावन हो गया ओर असीम पॉजिटिव एनर्जी का संचार हुआ। स्वरसाम्राज्ञी डॉ. महाप्रज्ञाजी म.सा. ने गीतों के माध्यम से पूज्य गुरू भगवंतों व गुरूणी मैया को भावाजंलि अर्पित की। जाप शुरू होने से पूर्व वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. द्वारा दिवाकर चालीसा का पाठ कराया गया। शुरू में विद्याभिलाषी राजकीर्तिजी म.सा. ने भगवान महावीर स्वामी की अंतिम देशना उत्तराध्ययन सूत्र के मूल पाठ का वाचन किया। अनुष्ठान के शुरू में लाभार्थी परिवारों, अतिथियों एवं चातुर्मास समिति एवं सुभाषनगर श्रीसंघ के पदाधिकारियों द्वारा नवकार मंत्र चौकी की विधिपूर्वक स्थापना की गई। अनुष्ठान के लाभार्थी भीक्षुदेवी, किरणकुमार, कुसुमदेवी, सुशीलकुमार सुमनदेवी संचेती परिवार करेड़ा, प्रवीणकुमार सोनी अखिलकुमार कोठारी परिवार, कमलेशकुमार चौरड़िया परिवार मुंबई एवं विजयकुमार सुशीलादेवी, आंचल अर्पित जैन परिवार रहा। समारोह में लाभार्थी परिवारों एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामनिवास, श्यामसुंदरजी, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह मेड़तिया, पुलिस अधिकारी शिवराज गुर्जर, मुंबई से मनीष सांखला, दिनेश पारलेचा, जसराज बोहरा, सूरत से राजेन्द्र जैन, जयपुर से आशीष जैन, अर्पित चौधरी, रतलाम से ललिता बोथरा, विजयनगर से नेतराम चौधरी, सुरेश खत्री, आदि का स्वागत चातुर्मास समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, सचिव राजेन्द्र सुराना, सुभाषनगर श्रीसंघ के अध्यक्ष हेमन्त कोठारी, सुरेन्द्रसिंह सुराणा, सुनील नाहर, मदनलाल सिपानी, अनिल कोठारी, विक्रम डूंगरवाल, मनोहर छाजेड़, दिनेश डांगी, महिला मण्डल की निर्मला भड़कत्या, लाड़जी मेहता, लीला कोठारी, लीला सुराना, सीमा नाहर, पुष्पा गोखरू, बलवीरदेवी चौरड़िया, टीना बापना, राखी खमेसरा सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने किया। अनुष्ठान में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा शहर के साथ बिजयनगर, सहाड़ा, चित्तौड़गढ़ सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने किया।

## सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने निकले जिला कलक्टर

**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया गुरुवार सुबह 8 बजे शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने निकले। जिला कलक्टर सबसे पहले नाग-नागिन मंदिर से आगे नहर के किनारे होते हुए स्टील ब्रिज तक पहुंचे और रास्ते में सफाई व्यवस्था देखी। इसके बाद उन्होंने सीधे गुमानपुरा मेन रोड़ का निरीक्षण किया और मल्टीपरपज पार्किंग के बाहर रखे तीन बड़े बीन में कचरा भरा देखकर नाराजगी जताई। यहां आस-पास लगने वाली फूड स्टॉल्स द्वारा रात्रि में बचा हुआ खाना फैंकने से उसमें बदबू आ रही थी। जिला कलक्टर ने मौके पर नगर निगम की गाड़ी बुलवाकर तीनों बीन में पड़ा कचरा खाली करवाया। उन्होंने नगर निगम दक्षिण आयुक्त को प्रतिदिन कचरा हटवाने एवं बड़े डस्टबीन खाली करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर वहां से सीधे घोड़े वाला बाबा चौराहा से आगे पहुंचे। वहां सड़क के किनारे बैठकर चारा बेचने वालों को हटाने के निर्देश दिए। सड़क के किनारे चारा डालने की वजह से प्रतिदिन आवारा पशुओं के झुण्ड एकत्र होते हैं एवं गोबर, कीचड़ से गंदगी फैलती है।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं हो कोई समझौता, अधिकारी मौके पर जाकर देखें निर्माण कार्य- नागर



**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि निर्माण से जुड़े विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। सड़क एवं सरकारी भवन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों एवं निर्माण कार्यों की उच्च स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने एसडीआरएफ के तहत स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य सरकारी भवनों तथा सड़क मरम्मत के लिए मिलने वाली राशि का सदुपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन एवं कमरों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग एसडीएम लेवल पर बनी कमेटी द्वारा की जाए एवं तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा जाने वाला तखमीना पीडब्ल्यूडी के जेईएन द्वारा बनाया जाए ताकि उसमें तकनीकी खामियां नहीं रहें। उन्होंने कहा कि भवनों एवं सड़क का निर्माण ठेकेदार के भरोसे नहीं छोड़ा जाए एवं अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्ता की जांच करें। नागर गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों के साथ सांगोद विधानसभा क्षेत्र में आपदा राहत प्रस्तावों की स्वीकृति एवं किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सांगोद विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ठेकेदार द्वारा किए जा रहे सड़क एवं भवन निर्माण कार्यों की फोटो-वीडियो मंगवाई जाए जिससे मॉनिटरिंग में आसानी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं गुणवत्ता से समझौता करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले दिनों सांगोद विधानसभा क्षेत्र में सीसी सड़क एवं विद्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता का जिक्र करते हुए कहा कि स्कूल भवन बनाते समय छत की वॉटरप्रूफिंग आवश्यक रूप से हो ताकि पानी रिसकर छत एवं दीवारों के अंदर नहीं जाए। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले स्कूल भवनों की छत की सफाई करवाई जाए ताकि छत पर कचरा एवं पानी एकत्र नहीं रहे।

## राज्य स्तरीय हॉकी में गोल्ड और कांस्य मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान



**कुचेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** कुचेरा 69 वी राज्य स्तरीय अंडर 19 अंडर 14 वर्ष हॉकी प्रतियोगिता की विजेता एवं तृतीय स्थान खिलाड़ियों का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुणसरा में स्वागत किया। 69 वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन जी आर जी इंटरनेशनल उच्च माध्यमिक विद्यालय धोलासर फलोदी जोधपुर में 30 सितंबर से 6 अक्टूबर 2025 को आयोजित हुआ,जिसमें विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा प्रियंका मेघवाल के नेतृत्व में तृतीय स्थान( कांस्य मेडल)प्राप्त किया। दूसरी ओर 69 वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवाना बालोतरा में दिनांक 29 सितंबर से 5 अक्टूबर2025 को आयोजित हुआ,जिसमें विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा कनीषा चौधरी के नेतृत्व में राजस्थान में प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल)प्राप्त किया। राज्य स्तरीय खेलो में सर्व श्रेष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान प्राचार्य शकील अहमद, व्याख्याता जीतमल जाट, नाथूराम डूकिया वरिष्ठ अध्यापक हेमंत डूकिया, गजेन्द्र, रामनारायण भाकल, रामदेव, सरोज मिर्धा, अनुराधा शर्मा, संगीता तिवाड़ी, शारीरिक शिक्षक आनंद प्रकाश सिवर, साहिल कुरैशी एवं विद्यार्थियों द्वारा माला एवं मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। प्राचार्य अहमद ने खेलो के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की, शारीरिक शिक्षक आनंद प्रकाश ने कहा जीवन में खेल अतिआवश्यक है। जीतमल जाट ने हॉकी खेल की जानकारी साझा की गई। डूकिया ने कहा कि खेलो से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है अत: सभी विद्यार्थियों को खेलो में भाग लेना चाहिए।

## न्यूज विंडो

### शाहपुरा परकोटा क्षेत्र में जर्जर टंकी से जलापूर्ति, नई टंकी निर्माण पर अब भी असमंजस



**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर के परकोटा क्षेत्र के लगभग 3000 घरों में महलों की चौक स्थित टंकी से जलापूर्ति की जा रही है। करीब 40 वर्ष पूर्व निर्मित यह टंकी अब पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था पर संकट मंडरा रहा है। वर्ष 2024 में तत्कालीन जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा महलों के चौक के भीतर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलिया गेट परिसर की खाली भूमि पर नई टंकी निर्माण की स्वीकृति जारी की गई थी। स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया, लेकिन नगर के ही एक निजी विद्यालय द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर किए जाने के बाद यह कार्य रोक दिया गया। इसके विरोध में टंकी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठाकुर शक्ति सिंह परिहार के नेतृत्व में नागरिकों ने प्रदर्शन, ज्ञापन और समर्थन अभियान चलाया। नगर के लगभग 1000 परिवारों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम भेजकर टंकी निर्माण को यथावत रखने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जिला कलेक्टर को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। अब नगरवासियों को जिला प्रशासन के अंतिम निर्णय का इंतजार है, ताकि परकोटा क्षेत्र को जर्जर टंकी की समस्या से राहत मिल सके।

### प्राज्ञ स्वाध्याय भवन में महासाध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा का मंगल प्रवचन

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** मनुष्य जन्म चिंतामणी के समान है। अपने जीवन को धर्ममय बना अनादिकालीन कर्म परम्परा को समाप्त करे ओर मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़े। इसके लिए भगवान की शरण को स्वीकार कर मन वचन व काया के योग को शुद्ध बनाकर कर्म क्षय करके जीवन को निर्मल व पावन बनाए। ये विचार युगदृष्टा आचार्य ज्ञानचंद्रजी म.सा. की आज्ञानुवर्ति परम विदुषी तप दीप्ति महाश्रमणी रत्ना महासाध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा. ने अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ के तत्वावधान में भीलवाड़ा के प्राज्ञ स्वाध्याय भवन में गुरूवार को प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने आचार्य नानालालजी म.सा. का 26 वें स्मृति दिवस पर गुणानुवाद करते हुए कहा कि आचार्य नाना गुरू का जीवन हर दृष्टि से प्रेरणादायी है। उनके जीवन से ज्ञान, चारित्र, दर्शन व तप की दृष्टि से प्रेरणा ली जा सकती है। उनकी प्रेरणा से कई मांसाहारी लोगो ने मांस त्याग शाकाहार को अपना लिया। ऐसे लोगों को धर्मपाल की उपमा दी गई थी। ये लोग अष्टमी,चतुर्दशी को हरी सब्जी भी उपयोग में नहीं लेते ओर सामायिक प्रतिक्रमण भी करते है। उन्होंने कहा कि आचार्य नानालालजी म.सा. से प्रेरणा प्राप्त करके कई लोगों का जीवन ही बदल गया। नास्तिक आस्तिक बन गए ओर नकारात्मक सोच का स्थान सकारात्मक सोच ने ले लिया। उन्होंने अपना पूरा जीवन जिनशासन की सेवा ओर मानव सेवा व जीव दया के कार्यो में समर्पित कर दिया। धर्मसभा में साध्वी नम्रताश्रीजी म.सा. साध्वी जागृतिश्रीजी म.सा., साध्वी स्वर्णरेखाजी म.सा.,अतुलप्रभाजी म.सा., निर्जराश्रीजी म.सा., निसर्गश्रीजी म.सा.,केवलीश्रीजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। धर्म सभा का संचालन महावीर पोखरना ने किया। धर्मसभा में विभिन्न क्षेत्रों से गुरूभक्त पधारे ओर दर्शन व धर्मलाभ प्राप्त किया।

### रिक्त चल रही 24 उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत बूंदी जिले में कुल 24 रिक्त चल रही उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए सशुल्क आवेदन आमंत्रित करने व जमा करवाने की तिथि को बढा दिया गया हैं। जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट ने बताया कि रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के लिए पूर्व में 10 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। उन्होंने बताया कि तिथि में वृद्धि करते हुए इसे 17 अक्टूबर को शाम 6 बजे कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञप्ति की शर्तें एवं नवसृजित दुकानों की संख्या यथावत रखी गई हैं।

## कातिल ने दिखाई हैवानियत, धारदार हथियार से गला और सिर पर बेरहमी से वार कर उतारा मौत के घाट, पहचान छुपाने के लिए रायपुर रोड पर फेंकी लाश



**गंगापुर भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** गंगापुर नगर के रायपुर रोड पर बुधवार रात एक अधेड़ की बेरहमी से हत्या कर लाश फेंके जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। वारदात की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और जिला मुख्यालय से एफएस एल टीम को साक्ष्य जूटाने के लिए बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि अधेड़ की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और पहचान छुपाने के उद्देश्य शव को रायपुर रोड पर फेंक दिया गया। मृतक की पहचान कोशीथल के चतरपुरा गांव निवासी 50 वर्षीय अमरा बंजारा पुत्र गोरू बंजारा उम्र 50 वर्ष के रूप हुई। इस अमानवीय वारदात की खबर मिलते ही बंजारा समाज के लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पर एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर शीघ्र से शीघ्र हत्यारों को गिरफ्तार करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया । इस दौरान कुछ लोगों ने रायपुर रोड पर जाम लगाने का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस की सूझबूझ और समझाइश के बाद लोगों ने जाम नहीं लगाया और शांत रहे! पुलिस ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि हत्यारो को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।मामले की गहनता की जांच की जा रही है। रुपए उधार देने का करता था कामकाज मृतक अमरा बंजारा - कातिल की हैवानियत का शिकार हुआ अमरा बंजारा समाज के लोगों को रुपया उधारी देने का कामकाज भी करता था।पुलिस भी हत्या के पीछे इसी एंगल से जांच आगे बढ़ाने में जुटी हुई है।परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि मृतक अमरा बंजारा ने 12 तोला वजनी सोने के आभूषण भी पहन रखे थे जो शव से गायब हैं। वहीं कल घर से एक उधारी का रुपया लेकर आने की बात कहकर निकले मृतक की पुलिस द्वारा बाइक भी बरामद नहीं की गई है। अंतिम सांस तक कातिल करता रहा लगातार वार- मृतक अमरा बंजारा के शव का पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ है कि कातिल ने उसके शरीर के ऊपरी हिस्से पर तब तक वार करता रहा जब तक उसकी जान ना निकली हो। उधर परिजनों के अनुसार हत्या की वारदात में एक से अधिक लोग शामिल है क्योंकि अकेला लोग अमरा बंजारा के ताकतवर होने से मौत की नींद नहीं सुला सकता है। ये जुटे रहे दिन भर समझाइश में -रायपुर मार्ग पर स्पिनफेड के नजदीक लाश पड़ी होने की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उच्च अधिकारियों को सूचना भी दी। पुलिस द्वारा मृतक अमरा बंजारा के शव को गंगापुर अस्पताल में लाने के दौरान बंजारा समाज के लोगों ने एक बारगी तो उप कारागृह के बाहर लकड़ियां डालकर मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश की लेकिन थोड़ी देर बाद समझाने पर मार्ग खोल दिया। इसके बाद उपखंड अधिकारी राजेश विश्नोई, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल डीएसपी हरजीराम, गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय, कारोई थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह चुंडावत सहित बागौर, पुर थाना पुलिस का जाप्ता अस्पताल परिसर में तैनात कर दिया गया।सूचना मिलने पर भाजपा नेता रूपलाल जाट, संतोष पारीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और समाज के लोगों से समझाइश की। रायपुर पुलिस की कार्यशैली से गुस्साए लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन - अमरा बंजारा मर्डर केस में रायपुर पुलिस की संदिग्ध भूमिका और लापरवाह अधिकारियों की कार्यशैली उजागर हुई है।परिजनों का आरोप है कि रायपुर पुलिस को मृतक अमरा बंजारा की गुमशुदगी की रिपोर्ट बुधवार दोपहर बाद ही दे दी लेकिन पुलिस ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई जिसके परिणामस्वरूप अमरा बंजारा की हत्या की वारदात को कातिल ने बेखौफ होकर अंजाम दिया। इस आक्रोश को लेकर बंजारा समाज के लोगों ने रायपुर थाना पुलिस अर्जुन लाल गुर्जर को तत्काल हटाने की मांग सहित मृतक के परिवार को मुआवजा ,एक सरकारी नौकरी दिलाने की भी मांग पर अड गए। पुलिस - प्रशासन काफी समझाइश पर भी नाकाम रही।समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शनकारियों और प्रशासन में कोई सहमति नहीं बन पाई।

संरक्षण अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024

# आयोग ने जारी की मॉडल उत्तरकुंजी, अभ्यर्थी 11अक्टूबर से ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संरक्षण अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के प्रश्नपत्रों की मॉडल उत्तरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 11 से 13 अक्टूबर 2025 को रात्रि 12ः00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करें। उक्त परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करे। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाता है, तो उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन ऑब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज कराकर प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू. 100/-(सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा अभ्यर्थी स्वयं भी रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे पर भुगतान कर आपत्तियां दर्ज कर सकता है। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल ऑनलाईन ही प्रस्तुत करें। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएगी। ऑनलाईन आपत्तियों का लिंक दिनांक 11 से 13 अक्टूबर 2025 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करने में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी recruitmenthelpdesk @ rajasthan.gov.in पर ईमेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में 31 अक्टूबर तक किये जा सकेगें आवेदन

**उदयपुर।** अल्पसंख्यक समुदायों की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने वाली कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत आवेदन 23 से 31 अक्टूबर तक किये जा सकेगें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबु शर्मा ने बताया कि इच्छुक छात्राएं आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित आवेदन पत्र ऑनलाईन भरकर निर्धारित तिथि तक पोर्टल पर अपलोड कर सकती हैं। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। अल्पसंख्यक समुदायों की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राएं स्कूटी योजना हेतु नियमानुसार आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकती है।

## महाराणा भूपाल अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** संभाग के सबसे बड़े राजकीय चिकित्सालय महाराणा भूपाल अस्पताल में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। अभ्यास के तहत सुपर स्पेशियलिटी परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मात्र 5-7 मिनट में अस्पताल परिसर में पहुंचीं और तत्परता के साथ आग बुझाने का अभ्यास किया गया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा दल, आपदा प्रबंधन टीमें तथा अस्पताल का स्टाफ मौके पर जुटा और राहत एवं बचाव कार्यों का त्वरित संचालन किया गया।

## दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन शनिवार को

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की 70वीं वार्शिक साधारण सभा बैठक शनिवार को प्रातः 11.00 बजे राजस्थान कृशि महाविद्यालय सभागार, उदयपुर में बैंक प्रशासक एवं जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैंक की प्रबन्ध निदेशक मेहजबीन बानो ने बताया कि बैठक में बैंक कार्यक्षेत्र के उदयपुर, राजसमन्द, सलुम्बर एवं प्रतापगढ जिले की धरियावद तहसील क्षेत्र की समस्त ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं अन्य सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि भाग लेगें। मुख्य एजेण्डा गत वित्तीय वर्श के लाभ-हानि खातो का अनुमोदन, बजट वर्श में हुए व्ययो की पुश्टि, स्वीकृत विकासोन्मुखी कार्ययोजना की पुश्टि, बोरोइंग की पुश्टि पर विचार किया जायेगा।

## अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष शनिवार को उदयपुर आयेगें

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य शनिवार अपरान्ह वायुयान द्वारा दिल्ली से उदयपुर आयेंगे एवं अपरान्ह 2 बजे सर्किट हाउस उदयपुर से सडक मार्ग द्वारा माउंट आबू के लिए प्रस्थान करेंगें। वे 13 अक्टूबर सोमवार को माउंट आबू सिरोही से प्रस्थान कर सडक मार्ग द्वारा उदयपुर सर्किट हाउस पहुचकर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पोधारोपण कार्यक्रम में भाग लेगें एवं 11:45 बजे विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे तत्पश्चात अपरान्ह 1:30 बजे आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेंगे। वे 14 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पीएम कुसुम योजनाः कृषकों की जेब का भार हुआ हल्का

**कोटा,( हुक्मनामा समाचार )।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अब कृषकों के लिए सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापित करना और भी किफायती हो गया है। नवीन जीएसटी दरों के लागू होने से पम्पों की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे किसानों की जेब का बोझ हल्का हुआ है। उद्यान विभाग के उप निदेशक नन्द बिहारी मालव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट-बी के अन्तर्गत उद्यान विभाग कोटा को कुल 500 सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत कृषकों को 3, 5 एवं 7.5 एचपी क्षमता तक के स्टैण्ड अलोन सोलर पम्प संयंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 22 सितम्बर 2025 से लागू नई जीएसटी दरों के फलस्वरूप किसानों को सौर ऊर्जा पम्प पुराने दरों की तुलना में अब और सस्ते मिल सकेंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक राजकिसान साथी पोर्टल अथवा नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान के पास न्यूनतम 0.4 हैक्टेयर भूमि का स्वामित्व, विद्युत कनेक्शन न होने का स्वघोषित शपथ पत्र, जन आधार कार्ड एवं सिंचाई जलस्त्रोत का स्वघोषण आवश्यक रहेगा। कृषकों को कुल लागत का 60 प्रतिशत तक अनुदान देय होगा, जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को 45,000 रुपये अतिरिक्त अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा।

अधिकारियों, व्यापारिक संगठन प्रतिनिधियों के साथ ली बैठक

## समन्वित प्रयासों से मने सुरक्षित और स्वच्छ दीपावली : कलक्टर




**कोटा,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने आह्वान किया है कि यह दिवाली उल्लासपूर्ण, सुरक्षित और स्वच्छ मने, इसके लिए सभी के समन्वित प्रयास अपेक्षित हैं। उन्होंने केडीए एवं नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि रखरखाव, स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण कार्य युद्ध स्तर पर किए जाएं। प्रमुख रास्तों, चौराहों और सार्वजनिक संपत्तियों को निखारा जाए। इन पर विद्रूपण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलक्टर ने गुरुवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शहर में सफाई व्यवस्था में सामने आई खामियों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया और निर्देश दिए कि सफाई, कचरा उठाव, नाले-नालियों की सफाई इत्यादि कार्य सघन तौर पर किए जाएं और इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि प्रायः कचरा गाड़ी देर से आती है और तब तक बाजार में चहल-पहल शुरु हो जाती है। कचरा गाड़ियों को सुबह जल्दी कचरा संग्रहण के लिए भेजा जाए। आवश्यकतानुसार उनके राउंड भी बनाए जाएं। कचरा गाड़ियों की भी सफाई और सर्विस कराई जाए। सार्वजनिक संपत्तियों के डिफेसमेंट को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

## युवाओं को मिलेगा रोजगार एवं उद्योग स्थापना का अवसर

**कोटा,( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने, स्वयं के उद्यम की स्थापना, तथा स्थापित उद्यमों के विस्तार, विविधीकरण एवं आधुनिकीकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई है। यह योजना 3 सितम्बर 2025 से 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, कोटा हरिमोहन शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदत्त ऋण का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपये (जो भी कम हो) की मार्जिन मनी अनुदान राशि देय होगी। इसके साथ ही 1 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा 1 करोड़ से अधिक एवं 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान देय होगा। उन्होंने बताया कि महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति /जनजाति, दिव्यांगजन, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, बुनकर कार्ड धारक बुनकरों तथा हस्तशिल्पी/ दस्तकार/ शिल्पी कार्ड धारक शिल्पियों को 1 करोड़ से अधिक एवं 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक देय होगा। योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। एच .यू. एफ., सोसायटी, भागीदारी फर्म, एल.एल.पी. फर्म एवं कम्पनी के रूप में आवेदन करने की स्थिति में संबंधित इकाई का नियमानुसार पंजीकरण आवश्यक होगा। साथ ही संस्थान का कम से कम 51 प्रतिशत स्वामित्व 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों में निहित होना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने बताया कि योजना का पोर्टल युवा उद्यमियों के लिए सार्वजनिक रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इच्छुक आवेदक एसएसओ पोर्टल पर वीकेवाययूपीवाय आइकॉन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, कोटा में संपर्क भी कर सकते हैं।

## सर्प नियंत्रण के लिए कीटनाशी दवाओं का उपयोग गैर कानूनी

**कोटा।** केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीयन समिति भारत सरकार के निर्देशानुसार सर्प नियंत्रण के लिए किसी भी कीटनाशी एवं अन्य गैर कानूनी तरीकों यथा गोंद या ट्रेप्स आदि का उपयोग और प्रचार-प्रसार कीटनाशी अधिनियम का उल्लंघन है। देश में सर्प को संरक्षित जीव प्रजाति की श्रेणी में रखा गया है। यह कृत्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का भी उल्लंघन है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए नुकसानदायक है। केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड के अनुसार सर्प नियंत्रण के लिए कोई भी कीटनाशक देश में स्वीकृत अथवा पंजीकृत नहीं है।

## रेडिसन ब्लू पैलेस रिजॉर्ट एंड स्पा, उदयपुर को मिला बेस्ट वेडिंग होटल का खिताब

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर के भव्य और प्रतिष्ठित रेडिसन ब्लू पैलेस रिज़ॉर्ट एंड स्पा को बेस्ट वेडिंग होटल के सम्मान से नवाज़ा गया है। यह सम्मान टुडे'स ट्रैवलर अवॉर्ड्स 2025 के दौरान प्रदान किया गया, जो आतिथ्य, पर्यटन और ट्रैवल इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित करने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में देशभर के प्रसिद्ध होटल समूहों, पर्यटन विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार रेडिसन ब्लू पैलेस रिज़ॉर्ट एंड स्पा, उदयपुर को प्रदान किया गया। यह उपलब्धि इस लग्जरी रिजॉर्ट की असाधारण वेडिंग अनुभवों को रचने की क्षमता और अतुलनीय सेवा गुणवत्ता का प्रमाण है।

श्री पुष्कर मेला 2025, जिला कलक्टर लोक बन्धु ने ली तैयारियों की समीक्षा बैठक

## सुरक्षा एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे : लोकबंधु

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** श्री पुष्कर मेला 2025 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मेला क्षेत्र की सुरक्षा, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पशु प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि पुष्कर मेले की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन के महत्व को देखते हुए समस्त विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुदृ? बनाएँ। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने आने वाले दर्शकों के लिए बैठने एवं आगमन के समुचित बंदोबस्त किए जाएँ। जन समूह को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएँ भी रखी जाएँ। इससे किसी प्रकार की असुविधा एवं अव्यवस्था उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरोवर में जल स्तर अधिक होने के कारण सुरक्षा के सभी पुख्ता इंत?ाम किए जाएँ। घाटों पर रस्से, सुरक्षा उपकरण, गोताखोरों, सिविल डिफेंस एवं एसडीआरएफ कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। रात्रि के समय विशेष सतर्कता रखी जाए तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का संचालन सुचारू रूप से किया जाए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि एंट्री प्लाजा एवं मेले क्षेत्र का सौन्दर्यकरण, साज-सज्जा एवं साफ-सफाई के कार्य समय पर पूर्ण किए जाएँ। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुगम आवागमन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँ। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में लगाए गए कैमरे पूर्ण रूप से संचालित रहें तथा पुलिस जाब्ते को नियमित रूप से ब्रीफ किया जाए। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने पशु प्रतियोगिताओं की तैयारियों की भी समीक्षा की और कहा कि सभी अश्व प्रतियोगिताएँ नए मेला मैदान में आयोजित की जाएँगी। पशुपालकों को समय पर सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# कलक्टर ने सेवा शिविरों एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की ली समीक्षा बैठक

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सेवा पखवाडे के अंतर्गत आयोजित हो रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर श्री लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने शिविरों में हो रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लंबित प्रकरण नहीं रहे। से ग्राम एवं शहरी क्षेत्र जहां शिविर आयोजित हो चुके है वहां के शेष आवेदनों का समाधान करने के लिए फॉलो-अप शिविर आयोजित कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों से संबंधित समस्त प्रकरणों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए और लंबित ऑनलाइन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाए। इसके लिए विभागीय अधिकारी दैनिक आधार पर रिपोर्ट प्रेषित करें तथा निस्तारण प्रगति की सतत मॉनिटरिंग करें। श्री लोकबंधु ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी बजट घोषणाओं से संबंधित वस्तुस्थिति की जानकारी अद्यतन करें। विभागीय स्तर पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए और राज्य स्तर पर लंबित मामलों के निस्तारण के लिए समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीपीग्राम्स एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण को भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-फाइल प्रणाली के अंतर्गत लंबित फाइलों एवं डाक का निस्तारण भी निर्धारित समयसीमा में किया जाए। उन्होंने क्षेत्रीय विकास योजनाओं के अंतर्गत लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र एवं कार्य पूर्णता रिपोर्ट शीघ्र प्रेषित करने तथा जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत एवं पैच वर्क कार्य दिवाली से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएं। साथ ही जर्जर भवनों की तात्कालिक मरम्मत और फसल खराबे के सर्वे एवं गिरदावरी का कार्य भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवा शिविरों में पट्टा वितरण, नामांतरण, नगरीय विकास कर, सीवरेज कनेक्शन, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पीएम स्वनिधि योजना, स्ट्रीट लाइट लगाना, भवन मानचित्र स्वीकृति और ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण जैसे कार्य प्रभावी रूप से संचालित किए जाएं। इसी प्रकार ग्रामीण सेवा शिविरों में बीपीएल परिवारों का सर्वे, कुरेजात, आपसी सहमति से विभाजन, किसान पंजीकरण, जाति एवं मूल निवास प्रमाणपत्र जारी करने, स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, ट्रांसफार्मर परिवर्तन और ढीले तारों को दुरुस्त करने जैसे कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं। जिला कलक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं में अजमेर को प्रदेश में अग्रणी बनाने के लिए समस्त विभागीय अधिकारी अतिरिक्त प्रयास करें। योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति निर्धारित समयावधि में हो। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री फ्री बिजली योजना, मुख्यमंत्री राजश्री योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क अनाज योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, पेंशन योजनाएं, आंगनबाडी सेवाएं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से जुडी अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड किशनगढ़**

क्रमांकः EE/NIT-2025-26/1037 दिनांक : 01.10.2025

निविदा सूचना संख्या : 08/2025-2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अजमेर जिले में निम्नलिखित सड़क एवं भवन कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूर संचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी एवं डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है :-

NIB Code : PWD2526A3628

UBN No.: PWD2526WSOB13704, PWD2526WSOB13705, PWD2526WSOB13706

निविदा प्रपत्रों को वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इस निविदाओं में उक्त प्रकार कार्य करने हेतु अधिकृत परामर्शदाता ही भाग ले सकेंगे। निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराएं।

DIPR/C/14814/2025

अ.अ.
सा.नि.वि. खण्ड, किशनगढ़
( 8432245168 )

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरवा पंचायत समिति मसूदा ब्यावर**

क्रमांक-ग्रा.पं.//निविदा/2025-26/ दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खरवा वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in और http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदा खोलने की अन्तिम 27.10.2025 तक निविदा अपलोड कर सकते है, दिनांक 28.10.2025 को क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO :- ZRJ2526A1219
UBN NO :- ZRJ2526WSRC1307

प्रशासक ग्राम पंचायत खरवा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खरवा

**कार्यालय नगरपरिषद निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक : नपनि/हस्ता./145731/2025-26/4361-63 दिनांकः 08/10/2025

**आपत्ति सुचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा पट्टा विलेख/पत्रावली सं 91/1972 दिनांक 14.05.1972 के पट्टा से नगरपालिका निम्बाहेड़ा से क्रय किया गया। पालिका द्वारा उक्त पट्टा श्री मांगीलाल पिता श्री उमा जी कुम्हार के पक्ष में निष्पादित किया गया। मूल आंवटी/पट्टाधारी द्वारा के वारिसान जो निम्न है- श्री पन्नालाल, श्री राधेश्याम छगनलाल पिता स्व. श्री मांगीलाल जी जाति प्रजापत निवासी निम्बाहेड़ा द्वारा उक्त पट्टा शुदा भूखण्ड में से (plot no. A size=7.9+8.6/2×12.3=99.54sqf) की साईज का भूखण्ड जरीये विक्रय विलेख से श्री मोहम्मद यामीन पिता श्री मोहम्मद अकिल खान निवासी निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया एवं मूल पट्टा का एक भाग जिसकी साइज (plot no. 8 size=11.9+12/2×9.6=112.82sqf) है को मूल आवंटी के वारिसान ने श्री पन्नालाल, श्री राधेश्याम छगनलाल पिता स्व. श्री मांगीलाल जी जाति प्रजापत निवासी निम्बाहेड़ा द्वारा जरीये विक्रय विलेख से श्रीमती निशाद पत्नि श्री मोहम्मद यामिन निवासी निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्री मोहम्मद यामीन पिता श्री मोहम्मद अकिल खान निवासी निम्बाहेड़ा द्वारा अपना क्रयशुदा भूखण्ड (plot no. A size=7.9+8.6/2×12.3-99.54sqf) को जरीये विक्रय विलेख से श्री दिलीप कुमार पिता श्री गणेशलाल नाहर निवासी निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्रीमती निशाद पत्नि श्री मोहम्मद यामिन निवासी निम्बाहेड़ा द्वारा जरीये विक्रय विलेख से भूखण्ड (plot no. B size =11.9+12/2×9.6-112.82sqf) श्रीमती बबीता पत्नि श्री दिलीप कुमार निवासी निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्री दिलीप कुमार पिता श्री गणेशलाल नाहर निवासी निम्बाहेड़ा का क्रयशुदा भूखण्ड (plot no. A size=7.9+8.6/2×12.3-99.54 sqf एवं क्रेता श्रीमती श्रीमती बबीता पत्नि श्री दिलीप कुमार निवासी निम्बाहेड़ा का (plot no. B size=11.9+12/2×9.6=112.82sqf) भूखण्ड दोनों क्रेताओं द्वारा जरीये विक्रय विलेख से उक्त दोनों भूखण्ड (plot no. A size =7.9+8.6/2×12.3-99.54sqf एवं plot no. B size =11.9+12/2×9.6-112.82sqf) को श्री सुशील कुमार जारोली पिता श्री हिम्मत सिंह जारोली निवासी निम्बाहेड़ा का विक्रय किया गया। क्रेता श्री सुशील कुमार जारोली पिता श्री हिम्मत सिंह जारोली निवासी निम्बाहेड़ा द्वारा उक्त क्रयशुदा भूखण्ड के चैन दस्तोवज प्रस्तुत कर हस्तान्तरण अपने नाम से किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में किसी आस-पड़ोस / परिवार जन या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो मय सबुत के अन्दर मियाद आपत्ति प्रकाशन से 07 दिवस मे नगर परिषद निम्बाहेड़ा में, कार्यालय दिवस मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद समयावधि कोई आपत्ति मान्य नही होगी, और आवेदक श्री सुशील कुमार जारोली पिता श्री हिम्मत सिंह जारोली निवासी निम्बाहेड़ा के नाम से हस्तान्तरण कि कार्यवाही प्रस्तावित कि जाकर आवेदक के पक्ष में हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। सूचित हो।

आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)**

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com TelephoneNo.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0 /2025/1060-63 दिनांकः-09.10.2025

**-: शहरी सेवा शिविरः-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गुलाबपुरा क्षेत्र में भूखण्ड हस्तान्तरण/निमार्ण स्वीकृति के लिए निम्नानुसार आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उदरदारी-नोटिस

| क्र. सं. | नाम आवेदक | आराजी नं. | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल (वर्गगज) | भूखण्ड के पडौस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री मिश्रीलाल मेवाडा, हुरडा। | - | 14 | 40x40 | 177.77 | पेच एरिया, गुलाबपुरा। पूर्व आम रास्ता 10 फिट स्थित। पश्चिम- भूखण्ड संख्या 15 स्थित। उत्तर - आम रास्ता 16 फिट स्थित। दक्षिण- आम रास्ता 10 फिट स्थित। |
| 2 | श्री लक्ष्मीनारायण मेवाडा पुत्र श्री मिश्री लाल मेवाडा हुरडा। | 371 | - | 70x85 | 661.11 | पूर्व आम रास्ता 20 फिट स्थित। पश्चिम- आम रास्ता 20 फिट स्थित। उत्तर - अन्य आराजी स्थित। दक्षिण- श्री श्रवण एवं श्री मिश्रीलाल मेवाडा का भूखण्ड स्थित। |

-: लीज होल्ड से फ्री होल्ड :-

| क्र. सं. | रजिस्टर क्रमाक | दिनांक | नाम आवेदन | खसरा नं0 | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल वर्गगज | इकरारनामा /रजिस्ट्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37 | 09.10.25 | श्रीमहावीर प्रसाद चौरडिया पुत्र श्री गुलाब चन्द चौरडिया गुलाबपुरा। | 946 | 42 | 25X40 | 111.11 | रजिस्ट्री/पट्टा |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका गुलाबपुरा

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)**

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com TelephoneNo.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0 /2025/1090-92 दिनांकः-09.10.25

**-: शहरी सेवा शिविर :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गुलाबपुरा क्षेत्र में भूखण्ड हस्तान्तरण/निर्माण स्वीकृति के लिए निम्नानुसार आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उजरदारी नोटिस

| क्र. सं. | नाम आवेदक | आराजी नं. | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल (वर्गगज) | भूखण्ड के पडौस | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुधीर शर्मा पुत्र श्री जगदीश शर्मा गुलाबपुरा। | 941/3 | 87 | 25x40 | 111.11 | शास्त्रीनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा। पूर्व :- आम रास्ता 20 फीट स्थित। पश्चिम :- भूखण्ड संख्या 90 स्थित। उत्तर :- भूखण्ड संख्या 86 स्थित। दक्षिण :- भूखण्ड संख्या 88 स्थित। | नामान्तरण |
| 2. | श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री रामप्रसाद शर्मा, गुलाबपुरा। | 941/3 | 88 | 25x40 | 111.11 | शास्त्रीनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा। पूर्व :- आम रास्ता 20 फीट स्थित। पश्चिम :- भूखण्ड संख्या 89 स्थित। उत्तर :- भूखण्ड संख्या 87 स्थित। दक्षिण :- रोड 20 फीट स्थित। | नामान्तरण |
| 3. | श्री नीरज लढ़ा पुत्र श्री महावीर लढ़ा, गुलाबपुरा। | - | 4-B-14 | 30X64 | 213.33 | शिवचरण माथुर कॉलोनी, गुलाबपुरा। पूर्व :- खुली जगह स्थित। पश्चिम :-आम रास्ता 60 फीट स्थित। उत्तर :- भूखण्ड संख्या 4-B-13 स्थित। दक्षिण :- खुली जगह स्थित। | नामान्तरण |
| 4. | श्री जय सिंह मीणा श्री किशन लाल मीणा, गुलाबपुरा। | 71 | 06 | 25x50 | 138.88 | प्राज्ञ नगर गुलाबपुरा। पूर्व :- भूखण्ड संख्या 07 स्थित। पश्चिम :-भूखण्ड संख्या 05 स्थित। उत्तर :- आम रास्ता स्थित। दक्षिण :- भूखण्ड संख्या 11 स्थित। | निर्माण स्वीकृति /नामान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका गुलाबपुरा

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी- राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु भू-स्थानिक दृष्टिकोण का सफल समापन




**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के भू-सूचनाविज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु भू-स्थानिक दृष्टिकोण- एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन 7-8 अक्टूबर, 2025 को किया गया। इस संगोष्ठी को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद - उत्तर क्षेत्रीय केंद्र द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम में देश भर से आए प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, रक्षा विशेषज्ञों, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, पुलिस अधिकारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी का सफल संचालन संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना के नेतृत्व में हुआ, जिनका सहयोग प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही (प्रो-वाइस चांसलर) एवं डॉ. आलोक कुमार (रजिस्ट्रार) ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. लोकेश कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, भू-सूचनाविज्ञान विभाग रहे। डॉ. मुकेश शर्मा एवं प्रो. विकास सोमानी सह-संयोजक के रूप में योगदान दिए। डॉ. संदीप चौरसिया ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई। दोनों दिनों में तकनीकी सत्रों के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता रिमोट सेंसिंग, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा रणनीति और सामाजिक प्रभाव जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। शोधपत्र प्रस्तुतियाँ और पैनल परिचर्चाएं भी संगोष्ठी का अभिन्न हिस्सा रहीं! समापन सत्र में डॉ. एम. पी. पुनिया, प्रख्यात शिक्षाविद एवं, जयपुर से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने संगोष्ठी के विषय को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया। प्रो. पी. के. सिंह, उदयपुर से एवं धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने पुलिस व्यवस्था में भू-स्थानिक डाटा के उपयोग जैसे अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं पर प्रकाश डाला। समारोह में डॉ. मुकेश शर्मा द्वारा विस्तृत संगोष्ठी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रमुख निष्कर्ष और सत्रों की झलक साझा की गई। कार्यक्रम का समापन प्रो. विकास सोमानी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजकों एवं का आभार प्रकट किया गया। यह संगोष्ठी भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक विकास के बीच गहरे संबंध को उजागर करने में सफल रही। इसने शैक्षणिक, रक्षा और वैज्ञानिक समुदायों के बीच सहयोग एवं संवाद को प्रोत्साहित किया और भविष्य में शोध व नीति निर्माण की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू द्वारा दीपावली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचाव हेतु पोस्टर विमोचन



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र, अजमेर द्वारा दीपावली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचाव हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र के सचिव लोकेश जैन सोजतिया ने बताया कि यह पोस्टर प्रति वर्ष केंद्र के वाइस चेयरमैन विजय जैन पांड्या के प्रयासों से तैयार किए जाते हैं और आम जनता में वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाता है। इस अवसर पर चेयरमैन गजेंद्र पंचोली ने कहा कि दीपावली आनंद और प्रकाश का पर्व है, इसे प्रदूषणमुक्त एवं सुरक्षित बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में गजेंद्र पंचोली, संरक्षक अशोक छाजेड़,संरक्षक कमल गंगवाल, राज कुमारगर्ग, विजय जैन पांड्या, लोकेश जैन सोजतिया, गौतम चंद रांका, सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## असल हकदारों को मिल रहा लाभ, 65 लाख से अधिक वंचित पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय की उत्तम मिसाल बना गिव अप



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान प्रदेश में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग की भावना व गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। यह अभियान न केवल आमजन की नैतिकता, सहानुभूति और संवेदना आधारित सोच को उजागर कर रहा है, बल्कि सहभागिता का मार्ग भी दिखा रहा है। गिव अप अभियान निर्धन के हक में कोई सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्त्तव्य में बदल रहा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा और संवेदनशीलता के साथ निर्धन के हक को उस तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में वास्तविक हकदारों तक लाभ पहुंचाने के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किये गये गिव अप अभियान में लगभग 37.60 लाख अपात्र लोगों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है। गिव अप अभियान के द्वारा अपात्रों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोड़ने के साथ साथ प्रदेश में 27 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई केवाईसी सम्पन्न नहीं करवाई गई, इससे स्वत: उनका नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा में नए पात्र व्यक्तियों के लिए जगह बनी। 26 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुन: प्रारंभ होने के बाद अब तक 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। राज्य सरकार के इस कद से खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक वंचितों को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रूपये में 12 गैस सिलेण्डर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रूपये का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क चिकित्सा भी मिल रही है। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी कदम से वंचित लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है एवं वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

## बजरंग दल के स्थापना दिवस पर ढोरिया में फहराया भगवा ध्वज

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** गुरूवार सांय बजरंग दल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम समिति स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें सेकडो की तादाद में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसी कड़ी में ग्राम ढोरिया चोराहा पर विश्व हिन्दुपरिषद की ग्राम समिति के पुष्कर धाकड़, अरविंद सिंह, आदी सदस्यों के द्वारा भव्य आयोजन किया गया जिसमें डोरिया चोराहे पर भगवा ध्वज की विधि विधान से पुजा की एवं गगनभेदी जयघोष के साथ गौरव ध्वज को फहराया गया। इसी के साथ आरती उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया, इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद के जिला मन्त्री भरत पालिवाल, उपाध्यक्ष, आदी उपस्थित थे। स्थापना दिवस पर पुराने ध्वज को मन्त्रोंचारण के साथ उतारा जाकर विधि विधान से पुजा अर्चना कर पुन: गौरव ध्वज को फहराया जाता है, इस अवसर पर सेकडों की तादाद में ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

## चन्द्रवरदाई नगर की हरि ओम कॉलोनी में गहरे गहरे खडडे पेच वर्क भी नही करवाया जा रहा- रोष



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** चन्द्रवरदाई नगर के टेम्पू स्टैण्ड से हरि ओम कॉलोनी क्षेत्र में प्रवेश करने के मुख्य प्रवेश मार्ग नगर निगम के वार्ड संख्या 31 में पिछले अनेक वर्षो से सडके क्षतिग्रस्त हो रखी है और प्रतिदिन दुर्धाटनाऐ हो रही है। हरि ओम कॉलोनी विकास समिति के उपाध्यक्ष राकेश सेन और कृष कुमार कुमावत ने बताया कि सीवरेज के कवर उनकी रिंग और नागलियो के फेरो कवर टूटे हुए और सडके टूटी होने के कारण फेरो कवर सडक के उपर आने से भी अनेक दुर्धाटनाऐ हो रही है। पिछले लगभग दो वर्ष से नलियां व सडके क्षतिग्रसत हो रखी है। अंधेरे के कारण रात्रि में नगर निगम के इस वार्ड संख्या 31 में आवागमन बहुत ही परेशानी युक्त हो गया है। हरि ओम कॉलोनी सुखदेव प्रसाद मालपानी, राजेश विजयवर्गीय, चन्द्राराम गुर्जर, इन्द्राज कुमार कसाना, गोविन्द लालवानी, वर्षा दुहिलानी, रमेश लालवानी, महावीर सेन, जय पिंजलानी, कानाराम चैहान, सियाराम नगर के अध्यक्ष आरएस चितौडिया, पुष्पा शेखावत, चन्दा नरेश मंगलानी, ज्योति सोनी, सुरेश सोनी, नरेश मंगलानी, प्रवीण कुमार कुलश्रेष्ठ सहित अन्य निवासियो एवं गृहणियों में अत्यन्त रोष व्याप्त है। समिति के पदाधिकारियो ने अजमेर स्मार्ट सिटी कहलाने वाले के प्रोजेक्ट चेयरमेन और जिलाधीश लोक बंधु और नगर निगम के आयुक्त देसल दान चारण से पूर्व में भी अनेक बार मांग के बावजूद इस कॉलोनी में वर्षो से अव्यवस्थाओ पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

## दो गौ तस्करों को 06-06 माह का सश्रम कारावास

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** नीमच अंकित जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा 8 गौवंश को क्ररुतापूर्वक भरकर वध हेतु परिवहन कर तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (1) मुजफ्फर पिता खलील खां, उम्र-42 वर्ष व (2) सरफराज पिता युनुस खान, उम्र-27 वर्ष, दोनो निवासी-गाडीखाना तहसील जावरा, जिला रतलाम को धारा 6/9 मध्यप्रदेश गौवंश अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 06-06 माह के सश्रम कारावास एवं 5000-5000रू. अर्थदण्ड, धारा 11डी पशुक्ररुता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत 50-50रू. के अर्थदण्ड, धारा 146/196 मोटर यान अधिनियम, 1988 के अंतर्गत 1000रू. अर्थदण्ड एवं धारा 3/181 मोटर यान अधिनियम, 1988 के अंतर्गत 500रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 08 वर्ष पूर्व दिनांक 11.10.2017 को रात्रि के लगभग 12:45 बजे महू-नीमच हाईवे रोड़ स्थित जैतपुरा फण्टा की हैं। पुलिस थाना नीमच सिटी में पदस्थ उपनिरीक्षक आई. के. तिवारी को थाने के टेलिफोन पर गौवंश तस्करी किये जाने के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर कार्यवाही करते हुवे उनके द्वारा जैतपुरा फण्टा, नीमच पर जाकर देखा तो वहां पर एक टाटा 407 वाहन खड़ा हुवा दिखाई दिया। वाहन में दोनो आरोपीगण बैठे हुवे थे तथा वाहन का पिछला हिस्सा त्रिपाल से ढंका हुवा था, जिसको खोलकर देखे जाने पर उसमें 8 कैड़े ठूंस-ठूंस कर क्ररुतापूर्वक भरे हुवे थे, जिनके लिये हवा, पानी व चारें की कोई व्यवस्था नहीं थी। आरोपीगण से पुछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह कैड़ो को वह राजस्थान से लाये थे व उनको वध हेतु धुलिया (महाराष्ट्र) ले जा रहें हैं। मौके से आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया व कैड़ो सहित वाहन को जप्त किया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में जप्तीकर्ता, विवेचक व पंचसाक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

## बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत जिले, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु विभिन्न विभागों के सहयोग से जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओमप्रकाश तोषनीवाल के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालमपुरा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा डालता है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यदि उन्हें कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलती है, तो वे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर नि:शुल्क कॉल कर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा पुठोली एंव सुवानिया में सीएसआर के तहत विकास कार्यों का लोकार्पण



**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सामुदायिक विकास के प्रति हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता अनुकरणीय हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और इन्फ्रास्ट्रकचर के लिये किये गये कार्यो से क्षेत्र में सराहनीय योगदान मिला है। यह बात बेगुं विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने हिन्दुस्तान जिंक द्वारा कराये गये कार्यों के लोकार्पण के दौरान कही। उन्होने कहा कि स्कूल में सुविधाओं के विस्तार, सड़क निर्माण व शमशान स्थलों पर सुविधाओं के विकास से ग्रामीणों विशेषकर बच्चों और परिवारों को शिक्षा और कनेक्टिविटी में सुधार से सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं कि किस प्रकार से उद्योग और समुदाय एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत् पुठोली पंचायत में शमशान भूमि पर टीनशेड़, मुंगा का खेड़ा में सीसी रोड़ का तथा सुवानिया ग्राम पंचायत के भवानीपुरा विद्यालय नवीनीकरण, सामुदायिक भवन, शमशान में टीन शेड, प्रार्थना शेड, मेड़ीखेड़ा में सीसी रोड़, डेट गांव में सामुदायिक भवन मय चारदिवारी, शमशान टीन शेड और सुवानिया गावं सामुदायिक भवन, सीसी रोड़, सोलर लाईट, शमशान टीन शेड व स्कुल में प्रार्थना शेड का उद्घाटन किया गया। कंपनी के सीएसआर कार्यक्रमों के तहत शुरु की गयी इन सामाजिक विकास की योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उद्घाटन समारोह में बेंगू विधायक डॉ सुरेश धाकड, पूर्व जिला प्रमुख भैरुसिंह चैहान, देवीसिंह राणावत, पूर्व प्रधान देवीलाल जाट, भवानीराज जाट, सत्यनाराण मेनारिया, पुठाली सरपंच महीपाल सिंह, उपसरपंच चन्द्रभान सिंह शक्तावत, सुवानिया सरपंच गोपाल गाडरी, चन्देरिया लेड जिंक सीएसआर हेड सुन्दरराज नायडू, सुनिल साबला, योगेश वर्मा, गौरी एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेत्र ऑपरेशन के रोगियों की कुशलक्षेम पूँछी




**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** होटल लक्ष्मी पैलेस व दी वाइब्रेंट एकेडमी एवं गोमाबाई नेत्रालय भीलवाड़ा द्वारा अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर में भर्ती नेत्र रोगियों में से आज 45 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण द्वारा गोमाबाई नेत्रालय भीलवाड़ा में किए गए। प्रांतीय सभापति एवं शिविर संयोजक लायन दिनेश स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि सभी मरीजों को एम जे एफ लायन दिलीप तोषनीवाल पूर्व प्रांतपाल, एम जे एफ लायन निशांत जैन उप प्रांतपाल प्रथम लायंस क्लब्स इंटरनेशनल प्रांत 3233 श्व 2, निदेशक लायन सतीश मालू लायंस क्लब केकड़ी, एडवोकेट गिरीश कौशिक, कमलेश शर्मा, बबलू कुमावत ने सबकी कुशल क्षेम पूछकर आशीर्वाद लिया। पूर्व प्रांतपाल दिलीप तोषनीवाल व उप प्रांतपाल निशांत जैन ने भर्ती मरीजों के पास जाकर उनके सफल ऑपरेशन द्वारा नेत्र ज्योति प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की व भर्ती मरीजों को शुभकामनाएं अर्पित की साथ ही कहा कि वे अपने घर पर जाकर डॉक्टर द्वारा दी गई दवा को नियमित डाले, दिशा निर्देश का पालन करें एवं स्वयं को धूल मिट्टी, धुंआ से बचाकर रखे।

## निजी मंदिर में ताले तोड़कर नकदी और गहने चोरी करने का मामला आया सामने

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना के मेढ़ स्वर्णकार समाज की शमशान भूमि में बने एक निजी मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है 7 जानकारी के अनुसार जुगल किशोर सोनी जो शमशान भूमि में सेवादार और पुजारी का काम संभालता है उसने समाज के लोगों की अनुमति से मंदिर बनवाया था जिसकी समाज के लोगों ने लिखा पढ़ी भी करवाई और काम पूरा होने पर लगने वाला सम्पूर्ण खर्च पीड़ित को देने की बात कही गई थी और उसी मंदिर में सेवा करने और रहने का लिखित आश्वासन दिया गया था लेकिन मंदिर का काम पूरा होने के वर्षों बाद भी आज तक पीड़ित को कोई भुगतान नहीं किया गया 7 पीड़ित ने बताया कि 5 अक्टूबर को साय के समय में किसी कार्य से बाहर गया था। उस समय मेरे निजी मंदिर के कमरे में अचानक कुछ अज्ञात व्यतियों द्वारा वहाँ आए।मेरे कमरे का ताला तोड़ दिया। उसमें रखे हुए चालीस हजार रुपये नकद चांदी सोने के कुछ आभूषण महत्वपूर्ण कागजात अन्य घरेलू सामान निकाल लिया गया। उन्होंने वहाँ रखे हुए सोफा सेट कुर्सी टेबल टीवी आदि को भी तोड़फोड़ कर दिया। इस मामले की लिखित शिकायत जब पुलिस थाना डीडवाना में दी गई तो मामला ही दर्ज नहीं किया इसपर पीड़ित ने डीडवाना पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है 7 एसपी को दी गई शिकायत में बताया है कि 2020 में कमरा मंदिर कुंड लेटबाथ चारदीवारी का निर्माण करवाया जिसमें 762000 का खर्च आया। इसके बाद से आज तक में समाज के लोगों से हिसाब मांग रहा हूं। कोई भी हिसाब देने को तैयार नहीं है। अब हिसाब मांगने पर उक्त स्थान से धक्का देकर बाहर निकाल दिया है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन परियोजना के चल रहे कार्यों का किया दौरा

**अहमदाबाद (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को अहमदाबाद के साबरमती में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के प्रमुख निर्माण स्थलों का दौरा किया। मंत्री ने साबरमती हाई स्पीड रेल (एचएसआर) स्टेशन, एचएसआर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और रोलिंग स्टॉक डिपो में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। साबरमती एचएसआर स्टेशन- मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का यह टर्मिनल स्टेशन साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी के चरखे से प्रेरित है। यह स्टेशन 45,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जा रहा है। ट्रैक के तल तक संरचनात्मक कार्य पूरा हो चुका है। आंतरिक और एमईपी कार्य प्रगति पर हैं। यह स्टेशन विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएँ प्रदान करेगा - प्रतीक्षालय, विश्राम कक्ष, नर्सरी, खुदरा और वाणिज्यिक स्थान- और यह मौजूदा रेलवे, मेट्रो और बीआरटीएस नेटवर्क से निर्बाध रूप से जुड़ा होगा। साबरमती एचएसआर मल्टीमॉडल हब- इसे एक अत्याधुनिक सुविधा के रूप में डिज़ाइन किया गया है जो एचएसआर स्टेशन, साबरमती रेलवे स्टेशन, मेट्रो और बीआरटीएस के बीच सुचारू कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है। इमारत की सामने की दीवार पर दांडी मार्च का एक स्टेनलेस स्टील का भित्तिचित्र बना है, जो साबरमती की ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करता है। इस हब में कार्यालय स्थल, होटल सुविधाएँ और खुदरा दुकानें व रेस्टोरेंट जैसी यात्री सुविधाएँ शामिल हैं। इसमें लगभग 1,200 वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा है। इस हब में सौर पैनल, भू-दृश्य वाले टेरेस और ऊर्जा-कुशल प्रणालियों सहित व्यापक हरित अवसंरचना भी है। साबरमती एचएसआर रोलिंग स्टॉक डिपो- यह परियोजना के तहत निर्मित तीन डिपो में सबसे बड़ा है। यह हब 84 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह हब निरीक्षण, अस्तबल और कार्यशाला लाइनों के साथ ट्रेनसेट के हल्के और भारी रखरखाव में सहायता करेगा। प्रशासनिक भवन, निरीक्षण शेड, और उपयोगिताओं व पटरियों के लिए बुनियादी ढाँचे का निर्माण तेज़ी से चल रहा है। डिपो पर्यावरणीय स्थिरता मानदंडों का पालन करेगा। इसमें वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा प्रावधान और शून्य द्रव निर्वहन उपचार प्रणालियाँ होंगी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति- 508 किलोमीटर में से, 325 किलोमीटर वायडक्ट और 400 किलोमीटर पियर का काम पूरा हो चुका है। 17 नदी पुल, 5 पीएससी पुल और 10 स्टील पुल भी पूरे हो चुके हैं। 216 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जा चुकी है। रेल लाइन पर 4 लाख से ज़्यादा ध्वनि अवरोधक लगाए गए हैं। गुजरात के सभी स्टेशनों पर काम अंतिम चरण में है। मुंबई भूमिगत खंड पर तेज़ी से प्रगति हो रही है। रेल मंत्री ने कार्य की गति की सराहना की और इस बात पर ज़ोर दिया कि परियोजना समय पर पूरी होने की राह पर है।

उन्होंने कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे और 2047 तक विकसित भारत के विज़न का प्रतिनिधित्व करती है।

लोकसभा अध्यक्ष ने बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में कार्यशाला की अध्यक्षता की

# लोकतंत्र तब सबसे मजबूत होता है जब नागरिक अपनी संसद के साथ गहराई से जुड़े होते हैं-बिरला

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से डिजिटल खाई को पाटते हुए एआई के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ने बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में कार्यशाला की अध्यक्षता की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया है कि वे प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल विभाजन को पाटते हुए एआई के ज़िम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें।

**बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ( सीपीए ) सम्मेलन में प्रौद्योगिकी का लाभ:**डिजिटल परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को बढ़ावा देना और डिजिटल विभाजन को दूर करना विषय पर एक कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बिरला ने कहा कि सहयोग और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी एक सेतु बने, न कि एक बाधा। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और ई-संसद के अनुप्रयोग ने हमारे संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली में बड़े परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं। ई-संसद, ई-लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ रही है।

बिरला ने कहा कि एआई-आधारित डिजिटल प्रणालियां भारत की संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और समावेशी बना रही हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि एआई-आधारित अनुवाद, एआई-सक्षम ई-लाइब्रेरी और स्पीच-टू-टेक्स्ट रिपोर्टिंग जैसी प्रणालियां संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और समावेशी बना रही हैं।

आगामी डिजिटल पहलों के बारे में बिरला ने कहा कि जल्द ही 'संसद भाषिणी' जैसी रीयल-टाइम एआई अनुवाद प्रणालियां प्रत्येक संसद सदस्य को अपनी भाषा में संवाद करने की सुविधा प्रदान करेंगी - जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र के लिए एक नई ऊंचाई होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब सबसे मज़बूत होता है जब नागरिक अपनी संसद से गहराई से जुड़े होते हैं। इस जुड़ाव को मज़बूत करने में तकनीक अहम भूमिका निभाती है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि पारंपरिक संसदीय प्रणाली से ई-संसद तक भारतीय संसद की यात्रा, अपनी पहुंच, कार्यप्रणाली और जन आकांक्षाओं के प्रति जवाबदेही के लिहाज़ से अभूतपूर्व रही है।

यह बदलाव लोकतांत्रिक शासन में एक बड़ी प्रगति का प्रतीक है, जो विधायी प्रक्रियाओं को मज़बूत करने और नागरिकों की गहरी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए तकनीक की क्षमता का दोहन करता है।

बिरला ने भारतीय संसद में किए गए विभिन्न डिजिटल नवाचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसद पहल के अंतर्गत भारतीय संसद ने एक एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया है जो सांसदों, मंत्रालयों और नागरिकों को एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से जोड़ता है।

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने डिजिटल क्षेत्र में विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने आगे कहा कि 1.4 अरब नागरिकों के लिए कम लागत वाला और खुला डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी प्रणाली विकसित किया गया है, जिससे शासन और अर्थव्यवस्था दोनों में बदलाव आया है। भारत के एआई मिशन - एआई फॉर ऑल एंड एआई फॉर गुड - के बारे उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाती है जो एआई को केवल एक तकनीकी प्रगति के रूप में नहीं बल्कि नागरिक सशक्तीकरण और पारदर्शी शासन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में देखते हैं।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे में तेजी से विकास को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि 5 प्रतिशत की तीव्र तैनाती के साथ, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5त्र बाजार बन गया है, और 6 प्रतिशत पर भी सक्रिय प्रयास चल रहे हैं। भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति के बारे बिरला ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने डिजिटल भुगतान को एक जन आंदोलन बना दिया है।



## जवाहर सिंह बेढ़म ने मंत्रिपरिषद के साथियों के साथ कार्ल्सबर्ग मुख्यालय का दौरा किया

### राजस्थान के जौ उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर की चर्चा

**जयपुर।** पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म राज्य मंत्रिपरिषद के अपने साथियों, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी अधिकारियों व प्रगतिशील किसानों के साथ छह दिवसीय डेनमार्क दौरे के दौरान गुरूवार को डेनमार्क के कोपेनहेगन स्थित कार्ल्सबर्ग ग्रुप कार्यालय पहुँचे। कार्यालय के मुख्य द्वार पर बने हाथी और स्वास्तिक चिन्ह को देखकर उन्होंने आश्चर्य व प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है, जिसके प्रतीक आज भी विश्वभर में सम्मानित हैं। उल्लेखनीय है कि स्वास्तिक का भारतीय संस्कृति में शुभ और कल्याण का प्रतीक है, वहीं हाथी शक्ति, बुद्धि, उर्वरता और सौभाग्य का प्रतीक हैं। हाथी और स्वास्तिक दोनों को ही भारतीय धर्म, कला और वास्तुकला का अभिन्न अंग माना जाता हैं।

मंत्री समूह ने इस अवसर पर कार्ल्सबर्ग ग्रुप के अधिकारियों से राजस्थान के जौ की खेती करने वाले किसानों की उत्पादकता एवं आय बढाने पर चर्चा की।

## अंता विधानसभा उपचुनाव-2025

### निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को एआई आधारित आर्टिफिशियल वीडियो के उपयोग पर आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपकरणों के जिम्मेदार उपयोग को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिद्वंद्वी दलों या उम्मीदवारों को लक्षित करने वाले आर्टिफिशियल या डीपफेक वीडियो का उपयोग आदर्श आचार संहिता और प्रासंगिक दिशानिर्देशों के दायरे में ही किया जाना चाहिए।

महाजन ने बताया कि बिहार विधान सभा के आम चुनाव एवं 8 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों जिसमें अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 भी शामिल है, की घोषणा के साथ ही 6 अक्टूबर 2025 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनके कार्यक्रमों, नीतियों, कार्यों और पिछले रिकॉर्ड तक सीमित रहनी चाहिए। किसी भी दल या उसके नेताओं के निजी जीवन से संबंधित विषयों पर टिप्पणी या असत्यापित आरोप लगाने से परहेज किया जाए। महाजन ने बताया कि एआई तकनीक के दुरुपयोग से गलत सूचना या भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के प्रयासों पर आयोग ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी प्रचार सामग्री में एआई आधारित या डिजिटल रूप से संवर्धित तत्व शामिल हैं, तो उन्हें स्पष्ट रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित या डिजिटल रूप से संवर्धित के रूप में चिह्नित किया जाए।

## मुख्य सचिव ने ली विभागीय सचिवों की बैठक

# अधिकारियों को आमजन से सुलभता से मिलने और समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा

### राजस्थान जन विश्वास विधेयक का प्रारूप शीघ्र तैयार करने के दिये निर्देश



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सेवक होने के नाते वे आमजन के विषयों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सामान्य नागरिकों से मिलने के लिए अपने कार्यालय समय में एक निश्चित अवधि का निर्धारण करें। आमजन की परेशानियों को सुनें और धैर्य, विनम्रता एवं व्यवहार कुशलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करें।

पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित कमेटी ऑफ़ सेक्रेटरीज (सीओएस) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने राजकीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं कार्मिकों की जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को नियमित रूप से अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरिक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रदेश के पात्र लाभार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर राहत प्रदान करें। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों एवं राजकीय कार्यालयों में नियमित साफ़ सफाई, कचरा निस्तारण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभागों के अधिकारी प्रदेश में आयोजित किये जा रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में हुए कार्यों का स्वयं निगरानी एवं मूल्यांकन करें। पंत ने बैठक में संपर्क पोर्टल एवं ष्क्कत्रक्रूरू (केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली) पर दर्ज परिवादों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग लम्बित अधिनियम तथा नीतियों को वित्त तथा विधि विभाग के साथ मिलकर शीघ्रता से लागू करने की दिशा में काम करें। साथ ही इस संबंध में प्रगति को सीएमआईएस पोर्टल पर अद्यतन करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की नवीन नीतियों तथा अधिनियमों के निर्माण की घोषणाओं एवं संशोधनों की प्रगति की भी समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी प्रमुख केन्द्रीय तथा राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए आवंटित राशि का समयबद्ध व्यय सुनिश्चित करें तथा अपने विभाग की योजनाओं पर व्यय की नियमित समीक्षा करें। साथ ही केन्द्रीय योजनाओं के उपयोगिता व पूर्णता प्रमाण पत्र समय से भेजना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों को प्राप्त शिकायतों, पत्रों तथा केन्द्र सरकार से प्राप्त पत्रों, के समयबद्ध निस्तारण के लिए भी निर्देश दिये। पंत ने राज्य में राजस्थान जन विश्वास विधेयक लागू करने की कार्य योजना पर चर्चा की तथा इसके प्रारूप निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा प्रस्तावित प्रारूप अब तक नहीं भेजा गया है, वे शीघ्र भिजवाएं।

## जयपुर में रेलवे-एनएचएआई के ठेकेदारों के ठिकानों पर रेड, घर-कार्यालय सीज

**जयपुर।** रेलवे और एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के ठेकेदारों के ठिकानों पर आज सुबह आईटी (आयकर विभाग) ने छापेमारी की है। जयपुर के श्यामनगर स्थित ठिकाने सुबह 5 बजे आईटी की टीम पहुंची। राजस्थान आयकर जांच शाखा की टीम भी इस अभियान में सुबह से जुटी हुई है। आईटी (आयकर विभाग) की टीम जयपुर, उदयपुर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुड़गांव, मध्य प्रदेश और गुजरात सहित कुल 40 जगहों पर रेलवे व एनएचएआई रोड ठेकेदारों के दफ्तरों और घरों पर तलाशी ले रही है।जयपुर के श्यामनगर इलाके में स्थित ग्लोबल बिल्डस्टेट के कार्यालय को इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बताया जा रहा है। टीम ने ग्लोबल बिल्डस्टेट से जुड़े लगभग 10 सब-ठेकेदारों के ठिकानों पर भी टीमें भेजकर जांच शुरू कर दी है। ठेका कंपनी का सालाना टर्नओवर करीब 8 हजार करोड़ रुपए का है।

## केंद्रीय गृह मंत्री पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तात्कालिक तौर पर कानूनी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ संज्ञान लेने और समन जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ ने गुरुवार को यह आदेश पारित करते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए निचली अदालत को वापस भेज दिया। पीठ ने कहा कि सीनियर मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेने का आदेश सत्र न्यायालय के आदेश से प्रभावित होकर पारित किया था।

मामला वर्ष 2018 के कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी के उस बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को हत्यारा कहकर संबोधित किया था।

## जल संसाधन मंत्री का दूदू दौरा

### छापरवाड़ा बांध का किया निरीक्षण



छापरवाड़ा बांध के सुदृढ़ीकरण के लिए तैयार होगी विस्तृत रिपोर्ट

# रबी फसल सिंचाई के लिए अंतिम छोर तक पहुंचेगा पानी- रावत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जल संसाधन विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत गुरुवार को दूदू दौरे पर रहे। उन्होंने क्षेत्र के छापरवाड़ा बांध का निरीक्षण किया। रावत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बांध से जुड़ी नहरों की मरम्मत कार्यों को गुणवत्तापूर्वक और शीघ्र पूर्ण करवाया जाए। साथ ही, नहरों का संचालन समय पर सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्षेत्र में सतत् निगरानी रखें ताकि किसानों का उनके हक का पानी समयबद्ध मिल सके। रावत ने कहा कि विभाग आगामी रबी फसल (सिंचाई वर्ष 2025-26) में किसानों तक नहरों के जरिए अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए विभागीय उच्चाधिकारी बांध और नहरों के सुदृढ़ीकरण कार्यों पर सतत् निगरानी कर रहे हैं। रावत ने जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद कर विकास कार्यों की जानकारी ली। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि दूदू क्षेत्र में 40 करोड़ रुपए की लागत से सिंचाई प्रबंधन और एनीकट मरम्मत के विभिन्न कार्य प्रगतिरत हैं। इनसे भी क्षेत्र में सिंचाई तंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को छापरवाड़ा बांध के सुदृढ़ीकरण के लिए सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस मानसून राज्य में अच्छी बारिश से प्रदेश के बांध ओवरफ्लो हुए है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा। अधिशाषी अभियंता ने छापरवाड़ा बांध के कैचमेंट और कमांड एरिया की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि छापरवाड़ा बांध एक वृहद बांध है, जिसकी कुल भराव क्षमता 17 फीट (1236 एमसीएफटी) है। इसका कमांड एरिया 11741 हैक्टेयर है। छापरवाड़ा बांध 2 वर्षों से लगातार ओवरफ्लो हो रहा है।

## राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार, भाजपा राज में जलजीवन मिशन फेल-गहलोत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। गहलोत ने भ्रष्टाचार के कारण जल जीवन मिशन को फेल करने का दावा किया है। उन्होंने जल कनेक्शनों की गिरावट को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने एक्स पर लिखा- राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। भाजपा सरकार ने 2024-25 के बजट में 25 लाख जल कनेक्शन जल जीवन मिशन के तहत देने की घोषणा की थी, लेकिन केवल 9 लाख 44 हजार कनेक्शन ही दे सकी। यह कांग्रेस सरकार के समय 2022-23 में लगाए गए 13 लाख 88 हजार और 2023-24 में लगाए गए 12 लाख 17 हजार से भी कम है। गहलोत ने लिखा- बजट वर्ष 2025-26 में 20 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की गई, लेकिन आज इस बजट वर्ष के 6 महीने बीत जाने के बाद भी केवल 97 हजार कनेक्शन जारी किए जा सके हैं। इस औसत से इस बजट वर्ष में केवल 2 लाख कनेक्शन जारी होंगे। यह भाजपा की झूठ उजागर करता है।

## बिहार विधानसभा चुनाव

### जनसुराज की पहली सूची जारी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में जहां दोनों गठबंधनों, एनडीए और महागठबंधन, में सीट बंटवारे को लेकर स्थिति साफ नहीं हो सकी है, वहीं जन सुराज पार्टी ने गुरुवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जन सुराज ने बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। जन सुराज के अध्यक्ष उदय सिंह ने प्रेस वार्ता में उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में 51 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं। उन्होंने बताया कि जन सुराज ने वाल्मीकिनगर से दिग नारायण प्रसाद, लौरिया से सुनील कुमार, हरसिद्धि से अवधेश राम, ढाका से लाल बहादुर प्रसाद, सुरसंड से उषा किरण, रुन्नीसैदपुर से विजय कुमार साह, बेनीपट्टी से मोहम्मद परवेज आलम, निर्मली से राम प्रवेश कुमार यादव और सिकटी से राघिब बबलू को प्रत्याशी बनाया है।

## अंता उपचुनाव में आरएलटी उतारेगी पार्टी का उम्मीदवार

**जयपुर।** राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अब राष्ट्रीय लोक दल ने मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। आरएलटी के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना ने कहा- राजस्थान में हमारा फिलहाल बीजेपी से किसी भी स्तर पर गठबंधन नहीं है। इसलिए अंता उपचुनाव में हम अपना खुद का उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारेंगे। पार्टी ने 2-3 संभावित उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया है। अब पार्टी नेतृत्व स्तर पर इन नामों पर मंथन चल रहा है। अंतिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व से परामर्श के बाद लिया जाएगा। अवाना ने कहा- राजस्थान की जनता अब तीसरे विकल्प की तलाश में है। आरएलटी किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज बनकर उभर रही है। उपचुनाव में हमारी पार्टी मजबूती से मैदान में उतरकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। अंता उपचुनाव हमारे लिए बेहद अहम है।

## जयपुर में नशे में दौड़ाया 303 एलपीजी-सिलेंडर से भरा ट्रक

### कोटा हाईवे पर लोगों ने पीछा कर पकड़ा



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर में एक बार फिर स्क्क्त सिलेंडर से भरे ट्रक के ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे जयपुर-टोंक-कोटा हाईवे पर ड्राइवर नशे में स्क्क्त सिलेंडर से भरे ट्रक को लहराते हुए चल रहा था।

रोड पर चल रही अन्य गाड़ियों में सवार लोगों ने पीछा कर ट्रक को रुकवाया। इसके बाद पुलिस और आरटीओ को सूचित किया। ड्राइवर के लाइसेंस की अवधि भी खत्म हो चुकी थी। मामला चाकसू थाना इलाके का है। ट्रक में 303 सिलेंडर थे। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर ट्रक को सीज कर दिया है। ड्राइवर के लाइसेंस को निरस्तीकरण के लिए आरटीओ को भेजा जाएगा। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, दो दिन पहले मंगलवार रात जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोखमपुरा में स्क्क्त सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल टैंकर ने टक्कर मार दी थी। इससे आग लग गई और एक-एक करके 200 सिलेंडर फट गए थे। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया था। कार सवारों ने पीछा कर ट्रक को रुकवाया ट्रक यूनियन अध्यक्ष मुकेश बड़बड़वाल ने बताया- गैस सिलेंडर से भरा ट्रक टोंक से जयपुर की ओर आ रहा था। जब ड्राइवर जयपुर-कोटा हाईवे पर ट्रक को लहराते हुए चल रहा था, उस समय मैं उसके पीछे अपनी कार में था। यह देख मैंने और अन्य राहगीरों ने अपनी कार से ओवरटेक कर चाकसू थाना इलाके में ट्रक को रुकवा लिया। जब ट्रक ड्राइवर कजोड़मल (59) को नीचे उतारा तो वह नशे में मिला। पुलिस और आरटीओ इंस्पेक्टर को सूचना दी।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी की वन टू वन चर्चा आज

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन सृजन अभियान के माध्यम से नए जिलाध्यक्ष के चयन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जेटी कुसुम कुमार आज प्रात: 11 बजे उत्सव मैरिज गार्डन बाई पास रोड़ बूंदी पर कार्यकर्ताओं वन टू वन चर्चा करेंगे। प्रवक्ता प्रेम शंकर बैरवा ने बताया जेटी कुसुम कुमार के साथ दौसा सांसद एवं पीसीसी उपाध्यक्ष मुरारी लाल मीणा, पीसीसी महासचिव राजेंद यादव,पीसीसी सचिव वीरेंद्र झाला, जिलाध्यक्ष एवं के. पाटन विधायक सी. एल. प्रेमी बैरवा, पूर्व मंत्री एवं हिंडौली विधायक अशोक चांदना,रहेंगे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति में तेजी लाएं चिकित्सक : डॉ. शर्मा

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएमएचओ कक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य शिविरों, डाटा फीडिंग प्रगति सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में गहन चर्चा कर सुधार करने के आवश्यक दिशा-निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये गये। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य की प्रगति में त्वरित सुधार करें



और डाटा फीडिंग में हो रही देरी को अविलंब समाप्त करें।बैठक में अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएमएचओ ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सिलिकोसिस पीड़ितों का चिन्हांकन, एनसीडी स्क्रीनिंग, यूडीआईडी कार्ड जारी करने, कफ सिरप से संबंधित नई गाइडलाइन की क्रियान्विति, और मौसमी बीमारियों-डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस की रोकथाम पर विशेष जोर दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अन्ता उपचुनाव मे कांग्रेस से प्रत्याक्षी भाया का नाम आते ही मांगरोल के कार्यकर्ताऔ ने की जमकर आतिशबाजी



**माँगरोल (हुक्मनामा समाचार)।** मांगरोल -अंता विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रमोद जैन भाया को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर बधुवार रात्रि को आजाद चौक पर मंडल कांग्रेश कमेटी मांगरोल व पूर्व चेयरमेन कौशल सुमन के नेतृत्व में आजाद चौक पर आतिशबाजी कर मिठाई से मुंह मीठा करवाकर एक दूसरे को बधाई दी ! कांग्रेस मंडल अध्यक्ष महावीर पंचाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष डां सीमा, जिला कांग्रेस महासचिव प्रमोद जैन टीटू , वरिष्ट युवा नेता भूपेन्द्र दाधीच , जीतू पारशर , यूथ कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष सत्यवीर सुमन, युथ नगर कांग्रेस अध्यक्ष हिमाशु मुकाती, वरिष्ट काग्रेस नेता स्वतंत्र जैन, सत्यवीर भार्गव, धमेन्द्र सुमन , दिनेश सुमन, सदीप शर्मा, राजेंद सुमन, महेंद गालव, गजानंद रैगर, अखतर बकतावर , अशगर अली सहित कई काग्रेस कार्यकता उपस्थित रहे ।

## मकरेड़ा ग्रामीण सेवा शिविर में निपटाई ग्रामीणों की समस्याएं पीसांगन उपखंड अधिकारी ने किया औचक निरीक्षा

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** मकरेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को पीसांगन उपखंड अधिकारी राजीव बडगुज़र तथा तहसीलदार भागीरथ चौधरी के सानिध्य में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में पीसांगन विकास अधिकारी पंचायत समिति पीसांगन सोहन लाल डारा ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों से ग्रामीणों की अधिक से अधिक समस्या निपटाने के निर्देश दिए।



शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 40 पट्टो का वितरण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना में एक आवेदन, 32 परिवारों का बीपीएल सर्वे, चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में 192 ग्रामीणों का उपचार ,18 टीबी रोगियों का चिन्हीकरण, बीपीएल तथा शुगर के 67 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में जनधन योजना अंतर्गत 32 आवेदन प्राप्त किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा शिविर में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 72 पशुपालकों को बीमा पॉलिसीयां जारी की गई। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 73 किसानों का बीमा किया गया। श्रम विभाग द्वारा शिविर में 17 टूलकिट और औजार सहायता योजना अंतर्गत आवेदन लिए गए। आयोजित शिविर में सहायक विकास अधिकारी शंकरलाल धर्मावत, प्रशासक हनुमान वैष्णव, ग्राम विकास अधिकारी दीक्षा कच्छावा व सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बसपा संस्थापक कांशीराम की 19 वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के मिर्धा पार्क में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बसपा संस्थापक कांशीराम की 19 वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम पार्टी के लोगों के द्वारा कांशीराम के छायाचित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित किए।एव आगे के कार्यक्रम को विधिवत शुरू किया गया। विचार गोष्ठी के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बंशीधर भीमसरिया जॉन प्रभारी राजस्थान ने अपने संगठन वक्तव्य में कहा हमें बसपा के संगठन को मजबूत करना है। और अपने आगे के विचार रखें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामेश्वर बावरी ने सभा विचार गोष्ठी का सम्मान किया।

## आमजन के सहयोग से ही वन व वन्य जीवों का संरक्षण संभव :भाटी

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व वन्य??जीव सप्ताह का समापन समारोह बुधवार को अलगोजा रिसॉर्ट में उपवन संरक्षक देवेंद्र सिंह भाटी की अध्य?क्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कवि जग?दीश अ?नुरागी द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। साथ ही उपवन संरक्षक ने सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उपवन संरक्षक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन के सहयोग से ही वन व वन्य जीवों का संरक्षण संभव है। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार से प्रकृति मनुष्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रकृति से हमें शुद्ध वायु, पेयजल, खाद्य सामग्री सहित अन्य? मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो पाती है। उन्होंने सरकार द्वारा वन्य जीव संरक्षण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की स्कूली छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा विश्व वन्यजीव सप्ताह के दौरान सरकारी स्कूलों में पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी सहित अन्य गतिविधियों में विजेता रहे स्कूली छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरित कि?ये गये। साथ ही वन्य जीव सप्ताह के दौरान रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के रमणीय स्थलों को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से दर्शाया गया। इस दौरान सहायक वनसंरक्षक नवीन नारनिया, होमगार्ड उपाधीक्षक रामसिंह मीणा, पूर्व वन्य?जीव प्रतिपालक पृथ्वी सिंह राजावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## जनहितैषी भाजपा सरकार : कानावत

## देवलियांकलां एवं बड़ली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा नीत भजनलाल सरकार जन हितैषी सरकार है। वे गुरूवार को ग्राम पंचायत देवलियांकलां एवं बड़ली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के गांव गांव, ढाणी में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। आम जनता के कार्य आसानी से हो सके इसके लिए शिविर लगाऐ जा रहें हैं। उन्होंने आम जन से शिविर में होने वाले कार्यो का लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 115 प्रकरण, धारा 136 के तहत शुद्धीकरण के 51 प्रकरण, आपसी सहमति से बटवारां के 13 प्रकरण, नामान्तकरण के 23 प्रकरण सहित राजस्व विभाग के विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 17 पट्टे वितरित किये गये, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 48 स्वीकृतियां जारी की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 04 निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 02 निक्षय मित्र बनाये गये । पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 100 पशुओं का बीमा किया गया। उर्जा विभाग द्वारा 45 विद्युत समस्याओं का निपटारा किया गया। कृषि विभाग द्वारा 70 बीज मिनी किट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 27 पॉलीसी वितरित की गई। आयोजना विभाग द्वारा जनधन योजना के निष्क्रिय खातों का पुन: सत्यापन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा एन.एफ.एस.ए के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के एवं पालनहार योजना में पालनहार नवीनीकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 27 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में भिनाय पंचायत समिति प्रधान सम्पतराज लोढा, सहायक शिविर प्रभारी बड़ली कैरोट अर्जून सिंह, सहायक शिविर प्रभारी देवलियांकलां नीलम राठौड़ ,नागोला मण्डल अध्यक्ष हंसराज गुर्जर ,पूर्व सरपंच जयबहादुर सिंह ,सरपंच महेंद्र खटीक ,दुष्यंत सेन सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर द्वारा किया गया नव पदोन्नत उप प्रधानाचार्यों का सम्मान राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उप शाखा छोटी खाटू के अध्यक्ष लोकेश कुमार नवल ने बताया कि खाटू क्षेत्र के नव पदोन्नत उपप्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया। जिसमें सुगनाराम, कैलाश चंद, भंवर लाल चौहान, जीतमल डूडी, लेखा चौधरी, सुरेंद्र ठोलिया, मेघाराम मेघवाल सहित इसी माह सेवा निवृत होने वाले शिक्षक जगदीश प्रसाद नवल का सम्मान भी शिक्षक संघ अंबेडकर द्वारा किया गया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे हैं सोहनलाल सांखला ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर कार्य करने का आह्वान किया । इस अवसर अंबाली प्रधानाचार्य सागर मल तंवर का भी सम्मान संगठन द्वारा किया गया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष छोटी खाटू लोकेश कुमार नवल महामंत्री राजूराम नायक कोषाध्यक्ष सुगनाराम लोला सुखराम गांधी अनाराम मिडिल सियानराम बाबूलाल दिवराया महिपाल कल्याण ओम प्रकाश मेघवाल ओमप्रकाश दिवराया राकेश चौकीदार राजेश यादव रामनिवास बरवड़ महेश सेन जितेंद्र दिवराया सहित अनेक शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाए: सुभाष चंद्र हिमानी

**कोटड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण अधिकाधिक लाभ उठाए साथ ही हर ग्रामीण की मदद की जा रही है शिविरों में विभागों द्वारा ग्रामीणों को हाथों हाथ सहायता प्रदान की जा रही है यह उद्गार उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हिमानी ने ग्राम पंचायत बोराड़ा गुरूवार को आयोजित ग्राम सेवा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित हुए करते हुए व्यक्त किए। उपखंड अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए सरकार ने आज हर क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए कृषि राजस्व के अलावा हर विभाग द्वारा सहयोग किया जा रहा है ग्राम पंचायत मुख्यालय मनोहरपुरा में भी ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग जलदाय विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, महिला ओर बाल विकास विभाग, पंचायत राज विभाग ओर सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियो ने ग्रामीणों के आवेदन तैयार करवाए। इस शिविर में नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व संबंधी कार्यों में फार्मर रजिस्ट्री 9 सहमति बटवारा ओर 19 नामांतरण के 8 मामलो का निस्तारण किया गया। शिविर में धारा 136 के 9 प्रकरणों का निपटारा किया गया। पेंशन योजना के 29 , पालनहार के 26 मामलों में ग्रामीण परिवारों को संबल प्रदान किया गया। पशु टीकाकरण 65 ग्रामीण आपकी बेटी योजना, गार्गी पुरस्कार, इंद्रा पिदर्शनी पुरस्कार, मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना, निशुल्क साइकिल वितरण योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना, देवनारायण स्कूटी योजना पालनहार योजना, विद्यार्थी दुर्घटना योजना के आवेदन तैयार करवाए गए।

## शाहपुरा में एसीबीईओ डॉ. कुमावत का निजी विद्यालयों द्वारा स्वागत



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा ब्लॉक के सभी निजी विद्यालय संगठनों की बैठक आलोक सेंट्रल स्कूल शाहपुरा में दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में नियुक्त नवीन एसीबीईओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत का साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी, एसीबीईओ भंवरलाल बलाई (भीलवाड़ा), तथा संगठन के पूरणप्रकाश जोशी व सी.पी. डिडवानिया का भी अभिनंदन किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने बताया कि बैठक में शाहपुरा ब्लॉक के लगभग 40 निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनका विभागीय रजिस्ट्रेशन भी पूर्ण किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुमावत ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, बच्चों में संस्कार और राष्ट्रभक्ति के भाव जगाकर ही श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण संभव है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी ने विद्यालय संचालकों से -ष्ठद्बस्श्व पोर्टल पर जानकारी समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए और 10 अक्टूबर से शुरू होने वाले ऋ्रञ्जश्व भौतिक सत्यापन से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। भीलवाड़ा से पधारे पूरणप्रकाश जोशी ने ऋ्रञ्जश्व, फीस कमेटी व ऑनलाइन पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। वहीं एसीबीईओ भंवरलाल बलाई ने कहा कि निजी एवं सरकारी विद्यालय दोनों मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय और गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य करें। अंत में एसएसपी अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने सभी अतिथियों व विद्यालय प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परमेश्वर सुथार, इल्यास खान, जगदीश सिंह राणावत, गौतम, रतनलाल, विजय राजोरा, अखिल चाष्टा सहित अनेक शिक्षा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मैडास में ग्रामीण सेवा शिविर का हुआ आयोजन , पट्टा वितरण हुआ




**रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत मेडास में गुरुवार को ग्रामीण सेवा सिविल का आयोजन किया गया । आयोजित शिविर में सरपंच पप्पूराम डेवाल, ग्राम विकास अधिकारी रामकरण चोटिया ने लोगो को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी धर्मेन्द्र गिल ने बताया कि कैंप में चिकित्सा , आयुर्वेद , सहकारिता , पशुपालन , राजस्व एवं पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास द्वारा विभिन्न क्षेत्र में आमजन को सेवाएं दी । इस दौरान पंचायत राज विभाग द्वारा 05 पट्टे का वितरण किया गया । राजस्व विभाग द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का नाम शुद्धिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया । चिकित्सा विभाग द्वारा टीकाकरण में मरीजों को देखा गया । पशुपालन विभाग द्वारा मंगला बीमा योजना में 20 जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रणवीर सिंह , सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल , सरपंच पप्पूराम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी राम करण चोटिया, चिकित्सा अधिकारी हेमंत कुमावत , पटवारी धर्मेंद्र गॉड , सरिता कर्णावत, चेतना शर्मा, नौरत मल डेवाल आदि ने सराहनीय सेवाएं दी ।

## कब्रिस्तान पठानान एवं मोचियान जाने हेतु रास्ता खुलवाने की मांग सोपा ज्ञापन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर को पठान समाज के लोगों के द्वारा एक ज्ञापन सोपा गया है।यह ज्ञापन कब्रिस्तान पठानान एवं मोचियान जाने हेतु रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर सोपा गया है।दिए गए ज्ञापन में मांग करते हुए बताया है सिंगी तलाई के पीछे की और कब्रिस्तान पठानान एवं मोचियान स्थित है। जिसमें इस मार्ग पर जाने वाले रास्ते सभी जलमगन हो गए हैं। जिसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना



पड़ता है।इस विषय पर संज्ञान लेते हुए इस मार्ग को खुलवाया जाए। यह मार्ग सीवरेज लाइन वालों के कारण बंद है। सीवरेज चैंबर इतने ऊंचे बने हैं कि उस मार्ग का पानी सीवरेज चेंबर में नहीं जा पाता है। ना ही कब्रिस्तान की तरफ जाने वाला कोई दूसरा मार्ग है इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अमन पठान तौफीक पठान जोंटी पठान अनीश पठान रेहान पठान सहित अन्य जन मौजूद रहे।

# 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** दांतलिया ग्राम पंचायत में 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं पूर्व प्रधान कन्हैयालाल मीणा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता धरियावद प्रधान हकरीदेवी मीणा ने की।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रपालसिंह राणावत, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष खेतसिंह मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




समारोह में स्थानीय सरपंच एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश मीणा ने उपसरपंच, वार्डपंच एवं ग्रामवासियों के साथ अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दिवंगत विधायक गौतमजी द्वारा शिक्षा एवं ग्राम विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण हेतु ?1 करोड़ की मांग रखी गई, जिस पर मुख्य अतिथि कन्हैयालाल मीणा ने आश्वासन दिया कि यह राशि शीघ्र ही टीएडी विभाग एवं सरकार से स्वीकृत करवा कर ग्रामवासियों को सौगात के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी दांतलिया पंचायत के विकास कार्यों—जैसे रातिकांकर से दोबदिशा सड़क डामरीकरण एवं दांतलिया से रातिकांकर सड़क के नवीनीकरण—को सरकार द्वारा स्वीकृति दिलाई जा चुकी है। हाल ही में टीएडी विभाग से ?30 लाख एवं डीएमएफटी मद से विद्यालय विकास हेतु ?10 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रधान हकरीदेवी मीणा ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यालय में ?5 लाख की लागत से शौचालय निर्माण की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसे शीघ्र स्वीकृत कर कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही विद्यालय विकास के लिए अतिरिक्त 10 लाख देने की घोषणा भी की गई।

कार्यक्रम में डीवाईएसपी नानालाल जी, डीईओ भंवरलाल जी, सीबीईओ राममोहन जी, संयोजक अलका वैष्णव, सह-संयोजक नरेंद्रपाल जी, थाना प्रभारी रमेश जी, मंडल अध्यक्ष सूरजमल जी, भाजपा जिला प्रवक्ता केशुभाई, प्रधान प्रतिनिधि शांतिलाल जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# असल हकदारों को मिल रहा लाभ

- 65 लाख से अधिक वंचित पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय की उत्तम मिसाल बना गिव अप
- खाद्य सुरक्षा शुद्धिकरण से रूकी निर्धन के हक में सेंधमारी



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान प्रदेश में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग की भावना व गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। यह अभियान न केवल आमजन की नैतिकता, सहानुभूति और संवेदना आधारित सोच को उजागर कर रहा है, बल्कि सहभागिता का मार्ग भी दिखा रहा है। गिव अप अभियान निर्धन के हक में कोई सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्त्तव्य में बदल रहा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा और संवेदनशीलता के साथ निर्धन के हक को उस तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में वास्तविक हकदारों तक लाभ पहुंचाने के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किये गये गिव अप अभियान में लगभग 37.60 लाख अपात्र लोगों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी गई है। गिव अप अभियान के द्वारा अपात्रों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोड़ने के साथ साथ प्रदेश में 27 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई केवाईसी सम्पन्न नहीं करवाई गई, इससे स्वतः उनका नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा में नए पात्र व्यक्तियों के लिए जगह बनी। 26 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। राज्य सरकार के इस कद से खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक वंचितों को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रूपये में 12 गैस सिलेण्डर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रूपये का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा भी मिल रही है। श्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी कदम से वंचित लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है एवं वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 10 लाख नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।

भीलवाड़ा जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा ने बताया कि जिले में 1,76,411 सम्पन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है। वहीं इससे बनी रिक्तियों से भीलवाड़ा जिले में 2,26,250 पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है।

**नाम जोडने-हटाने की प्रक्रिया हुई आसान-** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पहली बार जिस तरह से नाम हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया, उसी प्रकार नाम जोड़ने की प्रक्रिया को भी अत्यधिक सरल और लाभार्थी फ्रेंडली बनाया गया है। पात्र व्यक्ति अब ई-मित्र के साथ घर बैठे विभाग के पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य=//द्भश्चस्न.ह्स्ड्डद्भड्डह्यह्ल द्धड्डह्ठ.द्द श्1.द्धठ्ठ/ पर भी अपना नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदन जांच की प्रक्रिया तय करते हुए शहरी और ग्रामीण स्तर पर जांच दलों का गठन किया गया है। एनएफएसए में पात्र वंचितों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को ओर अधिक सुकम बनाने हेतु जिला कलक्टर को भी खाद्य सुरक्षा सूची में लाभार्थी को शामिल करने के लिए अधिकृत किया गया है।



# अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं के लिए फुलवारी मेला का हुआ आयोजन

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग निम्बाहेड़ा तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को जे.के. टाउन हॉल चित्तौड़ रोड पर आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं के लिए विशेष फुलवारी मेले का सफल आयोजन किया गया आयोजन का मुख्य उद्देश्य शाला पूर्व (प्री स्कूल) शिक्षा को सशक्त बनाना एवं आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं के कौशल व नवाचार को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में निम्बाहेड़ा परियोजना की 180 से अधिक आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिक्षिकाओं ने विभिन्न थीम आधारित प्रदर्शनी एवं गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसमें सर्किल टाइम गतिविधियां कठपुतली के माध्यम से कहानी कविता,प्रस्तुति चेयर रेस तथा खेलकूद आधारित शिक्षण क्रियाकलाप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर सीडीपीओ दिलीप सिंह राठौड़ ने शिक्षिकाओं के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं और आंगनबाड़ी स्तर पर शिक्षा को और प्रभावी बनाते हैं कार्यक्रम में सी बी ई ओ अरविंद मूंदड़ा,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ब्लॉक समन्वयक अनुराग मुदगल, महिला सुपरवाइजर मधु जैन, कौशल्य शर्मा, ललिता एवं करिश्मा सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा। मेले में मुख्य आकर्षण थीम गैलरी रही जिसमें आंगनबाड़ी केदो पर संचालित गतिविधियों शिक्षक सामग्रियों एवं बच्चों की सहभागिता को रोचक रूप से प्रदर्शित किया गया समापन सत्र में शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया गया।

न्यूज ब्रीफ

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता (14 वर्ष छात्रा वर्ग) में भीलवाड़ा रहा उप विजेता




**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** शेखावाटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोसल (सीकर) में आयोजित हुई (छात्रा- 14 वर्ष आयु वर्ग ) राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भीलवाड़ा टीम राज्य स्तर पर पहली बार उप विजेता रही । भीलवाड़ा बैडमिंटन टीम की मैनेजर संगीता बैरागी ने यह जानकारी देते हुए बताया की कोच भाविका अग्रवाल और दलनायक चंद्रशेखर के सानिध्य में भीलवाड़ा की छात्रा टीम की सदस्या अक्षिता कच्छावा, यशविता मेवाड़ा, सौम्या माहेश्वरी, नविष्ठी माहेश्वरी, दिविशी खंडेलवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भीलवाड़ा को उपविजेता बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता टीम के भीलवाड़ा पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रारंभिक शिक्षा रामेश्वर लाल बाल्दी ,संजय शर्मा,विश्वजीत सिंह,राजेंद्र काबरा,गोविंद धोबी,विजय सरगरा,विवेक एलिस, राजपाल सिंह,राकेश कासट,विनोद टेलर,नवीन जागेटिया,धर्मेंद्र चौधरी, अशोक कुमार शर्मा,सोनू कँवर, महिमा रेगर सहित कई खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# शराब के नशे में दीवार से टकराया बुजुर्ग हुआ घायल

## 108 एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल करवाया उपचार

**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** शहर के फवारा सर्किल पर शराब के नशे में एक बुजुर्ग दीवार से टकरा गया।जिसकी वजह से वह घायल हो गया।घायल की सूचना तुरंत स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को दी। जिस पर 108 के पायलट राकेश बिजारणियां ईएमटी अमरसिंह प्रजापत तुरंत 108 लेकर मौके पर पहुंचे।एवं घायल बुजुर्ग को तुरंत 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया।जहां पर चिकित्सकों के द्वारा घायल बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार जारी किया गया। फवारा सर्किल की यह घटना है जहां यह बुजुर्ग शराब के नशे में था। तथा शराब के नशे में दीवार से टकरा गया।जिसकी वजह से घायल हो गया जिसे अस्पताल पहुंचकर उपचार जारी करवाया गया।

## हर्षोल्लास से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती / काव्य रस सरिता / महर्षि वाल्मीकि का

# जीवन एवं साहित्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक- डॉ रविंद्र कुमार उपाध्याय



**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान इकाई निंबाहेड़ा के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने किया।

परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार उपाध्याय ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन एवं उनका साहित्य दोनों हमारे लिए आज भी प्रेरणादायक है। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का चरित्र चित्रण महर्षि वाल्मीकि ने अपने ग्रंथ रामायण में किया। अरविंद मूंदड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद महर्षि वाल्मीकि जैसे साहित्यकारों की जयंती मना कर श्रेष्ठ उदाहरण पेश कर रही है।

भारतीय जनमानस में महर्षि वाल्मीकि रचे बसे हैं। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर बालमुकुंद भट्ट सागर ने अपनी कविता तुम्हें कसम है देशवासियों गीता और कुरान की, मजहब से पहले करो वंदना अपने देश महान की की पंक्तियों से श्रोताओं की तालियां बटोरी। विशिष्ट अतिथि दीपिका शर्मा ने ष्हाथों में तिरंगा और दिल में है प्यार, वक्त भी क्या चीज होती है यार पढ़कर श्रोताओं की वाह वाही लूटी। पंकज सरकार ने अपना गीत जहां-जहां से काटा तुमने वहां वहां उग आएंगे, हम हिंदू हैं शीश कटा कर फिर से शीश उगाएंगे पढ़कर श्रोताओं को जागृत किया। इस अवसर पर श्यामा सोलंकी, हंसा स्वर्णकार, शेर सिंह पारख, सत्य नारायण जोशी ने भी अपनी कविता प्रस्तुत की। डॉ सुरेश कुमावत ने भी महर्षि वाल्मीकि पर अपने विचार रखे।

विभाग संयोजक राजेश गांधी ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद निंबाहेड़ा की 3 वर्षीय कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर हजारीलाल मेघवाल, जानकी लाल जोशी, गिरिजा शर्मा, शशि कुमार जोशी और सुरेश कुदाल को संरक्षक, सत्यनारायण जोशी को अध्यक्ष, जयकिशन गगरानी को महामंत्री, तृप्ति कुमावत को कोषाध्यक्ष, तरुणा गोखरू,बालमुकुंद प्रधान, रतनलाल राजोरा को उपाध्यक्ष, हंसा स्वर्णकार, दीपिका सत्यदीप, प्रियंका सोमानी को संयुक्त मंत्री, सुशीला माहेश्वरी को साहित्य मंत्री, विशाल गोखरू, शिखा जैन एवं अविनाश गोठवाल को सदस्य मनोनीत किया। नवीन कार्यकारिणी का ऊपर ना उठाकर प्रदेश उपाध्यक्ष ने स्वागत किया। कार्यक्रम के पश्चात खीर का प्रसाद रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर साहित्य परिषद के पदाधिकारी व सदस्यगण कमलेश जैन, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रंगोली में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक

## कूँची से उकेरे परम्परा के मांडने

## मेहंदी में प्रियंका प्रथम, रंगोली में उमा रही विजेता

## प्रीती और ज्योति ने बनाए शानदार मांडने

## राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025



**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** राष्ट्रीय मेला दशहरा में गुरुवार को मेहंदी, मांडणा और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली में आए प्रतियोगियों ने जमीं पर रंगों से सामाजिक संदेश देते हुए विचारों को प्रतिपादित किया। रंगोली बनाते हुए युवतियों और महिलाओं ने भावनाओं के रंग भरे। रंगोली प्रतियोगिता में बून्दी निवासी उमा कुमारी सुमन विजेता रही। वहीं तिलक नगर निवासी ज्योति मेवाडा और गोपाल विहार निवासी बीना सैनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि स्टेशन की यासमीन तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगियों ने ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित करते हुए रंगोली बनाई। जिसमें संस्कार, सुरक्षा और सिंदूर का सम्मान.. यह है ऑपरेशन सिंदूर का प्रण लिखा था। वहीं भारत माता को वीर सैनिकों के साथ दिखाते हुए सैनिकों की शौर्य गाथा लिखी। इस दौरान प्रभु श्रीनाथ जी को भी रंगोली से सजाया गया था। वहीं नारी सशक्तिकरण का प्रकटीकरण करते हुए रंगोली बनाई। जिसमें लिखा, सशक्त नारी सशक्त परिवार

मेहंदी में महिलाओं ने भरवां, फूल और धार्मिक चिन्हों से आकर्षक डिजाइनें बनाई। मेहंदी में शिवपुरा निवासी प्रियंका विजयवर्गीय प्रथम रही। जबकि बूंदी की उमा कुमारी सुमन दूसरे स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में अटरू की पूनम राजावत और जवाहर नगर निवासी सोनम सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने भी अपने दोनों हाथों में मेहंदी लगवाई। उन्हें मेहंदी लगाने वाली दोनों बालिकाओं को उन्होंने शगुन के तौर पर एक एक हजार रुपए पारितोषिक भेंट किया। मांडणा में भाग लेने वाली महिलाओं ने कूँची से दीवारों पर राजस्थानी लोक परंपरा को जीवित किया। मांडना प्रतियोगिता में कंसुआ निवासी प्रीति साहू और नयापुरा निवासी ज्योति साहू ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि छावनी की बबली दूसरे स्थान पर रही। साथ ही, खेड़ा रामपुर की मीना गहलोत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## नाकाबंदी के दौरान पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 66 किलो डोडा पोस्ट किया बरामद

## कार को किया जप्त एक आरोपी गिरफ्तार एक फरार



**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** थाना पुलिस के द्वारा एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।कुचामन हत्याकांड के बाद पुलिस का लगातार नाकाबंदी अभियान चल रहा है।इस नाकाबंदी अभियान के तहत पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।जहां पुलिस के एसआई अयूब खान हेड कांस्टेबल रोशन लाल मीणा के द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एसके ग्रीन बोर्ड स्कूल के पास पुलिस की नाकाबंदी लगी हुई थी।इस नाकाबंदी पर एक गाड़ी दौलतपुरा की तरफ से आ रही थी।जब गाड़ी पर पुलिस को संदेह हुआ तो पुलिस ने गाड़ी को रुकवाया एव रुकवाकर गाड़ी को चेक किया चेक करने पर गाड़ी में 66 किलो डोडा पोस्ट मिला साथ में गाड़ी में दो व्यक्ति सवार थे।जिसमें से एक व्यक्ति मौका देखकर मौके से फरार हो गया।वही एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ में ही पुलिस ने 66 किलो डोडा पोस्ट को जप्त करते हुए गाड़ी को भी जप्त किया है।एवं अपनी आगे की कार्रवाई पुलिस के द्वारा शुरू कर दी गई है। आरोपी की पहचान हारून राउतसर के रूप में हुई है।पुलिस मामले में अपनी आगे की कार्रवाई कर रही है। डोडा पोस्ट को जप्त करते हुए पुलिस के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

## ग्रामीण सेवा शिविर मकरेड़ा

# स्वामित्व कार्ड एवं पटटा जारी कर घर का वैध मालिकाना हक मिला



**मांगलियावास (हुक्मनामा सामाचार)।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति पीसांगन के ग्राम पंचायत मकरेडा मे ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर श्री नरेश नाथ पुत्र श्री छोगा नाथ के जीवन मे नया उजाला लेकर आया। शिविर के दौरान प्रार्थी द्वारा अपने मकान का पट्टा बनवाने के लिए जानकारी लेकर आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी द्वारा प्राप्त आवदेन राजस्व टीम द्वारा मौके आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण करवाया गया। शिविर प्रभारी द्वारा कैम्प के दौरान प्रार्थी को स्वामित्व कार्ड और पटटा प्रदान कर उन्हे उनके घर का वैध मालिकाना हक प्रदान किया गया। पट्टा लेने के बाद श्री नरेश नाथ ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस वैधानिक अधिकार से अब बैंक से लोन लेकर नया व्यापार प्रारम्भ करूंगा। इससे मेरी आय में वृद्धि होगी और मेरे परिवार का जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होने इसके लिए सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

# एफएसटी, वीसएसटी दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें

**बारां (हुक्मनामा सामाचार)।** राज्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने विधानसभा उपचुनाव के अन्तर्गत पारदर्शी, स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन विभाग के साथ बैठक की। मिनी सचिवालय स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष से जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, रिटर्निंग अधिकारी अंता हवाई सिंह यादव वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़े। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फ्लाईंग स्कवाड दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और वीएसटी दलों को पूर्ण सक्रिय करते हुए कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निगरानी व सतर्कता दल निर्वाचन प्रकिया के दौरान निर्वाचन-क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत मदों का नगद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, शराब या असामाजिक तत्वों आदि के आवाजाही पर नजर रखते हुए इन मामलों में कड़ी कार्यवाही करें। कोई भी शिकायत मिलने पर बिना किसी दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की जाए।

# कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट ने हृदय रोग चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में नया कीर्तिमान स्थापित किया

**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** हार्ट इंस्टिट्यूट ने हृदय रोग चिकित्सा और विशेष रूप से शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के क्षेत्र में असाधारण और उल्लेखनीय सफलता का नया आयाम स्थापित किया है। आधुनिक समय में सामान्य रूप से काफ़ी लंबे जाने वाली ओपन प्रक्रिया के बजाय, कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट ने बिना हड्डी काटे और केवल 2 इंच की छोटी छोरी से की जा रही है। इस प्रक्रिया में न तो कोई पाइपिंग रहता है और न ही वायरींग की आवश्यकता होती है। इसे ख्रूद्बष्टस्-ष्टक्क (मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी) कहा जाता है।

पिछले 2 दिनों में इस प्रणाली का उपयोग कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट के मरीजों में सफलतापूर्वक किया गया और मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हो चुके हैं। इस प्रणाली में सामान्य ओपन हार्ट सर्जरी की अपेक्षा कम दर्द होता है, अस्पताल में रुकने की अवधि कम होती है और मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। लगभग 10 से 15 दिनों में सामान्य जीवनशैली शुरू की जा सकती है। इस प्रक्रिया में हड्डी नहीं काटी जाती, वायरींग की आवश्यकता नहीं होती, जिससे बाद की समस्याओं और सावधानियों से बचा जा सकता है। यह एक अति विशिष्ट प्रक्रिया है, जिसका उपयोग अभी तक केवल कुछ ही स्थानों पर किया गया था, लेकिन अब कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट और श्रीजी हॉस्पिटल में इसकी नियमित सेवाएं सभी मरीजों के लिए उपलब्ध हैं।

इस अद्वितीय सफलता के पीछे कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट और श्रीजी हॉस्पिटल्स में उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग, इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुभवी डॉक्टर्स की टीम का योगदान है। श्रीजी हॉस्पिटल हमेशा से हृदय रोगों के निदान तथा इलाज में अग्रणी रहा है, और इस क्षेत्र में उत्कृष्टता और विश्वसनीयता का नाम बन चुका है।

डॉ. नरेंद्र जिंदल के अनुसार, हमने शेष हृदय हाडियों और देश के अन्य हिस्सों में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की है।

वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. विक्रम गोयल ने कोटा हार्ट और श्रीजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स में जुड़कर अपनी सेवाओं की शुरुआत की है। डॉ. विक्रम गोयल को हार्ट सर्जरी के क्षेत्र में 30 वर्षों का अनुभव है और अब तक 12,000 से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी कर चुके हैं। वे ख्रूद्बष्टस् के पद्धति में और विशेष रूप से रोबोटिक सर्जरी, हृदय वाल्व सर्जरी तथा अन्य जटिल हृदय रोग सर्जरी में पारंगत हैं।

# नवभारत साक्षरता का आयोजन हुआ सम्पन्न




**बारां (हुक्मनामा सामाचार)।** बारां नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास का एक दिवसीय जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम गुरुवार को एक निजी रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सीताराम गोयल, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरिमोहन गालव थे अध्यक्षता जिला साक्षरता एवम सतत शिक्षा अधिकारी दशरथ सुवानिया द्वारा की गई। इस दौरान एन आई एल पी के राज्य स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक रविन्द्र शर्मा, पुष्पेन्द्र गर्ग, संतान सिंह यादव सहित अंता, बारां, मांगरोल, अटरु, छबड़ा, छीपाबडोद, किशनगंज, शाहाबाद ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक समन्वय क और ब्लॉक प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। शुरूआत में अतिरिक्त परियोजना अधिकारी श्याम बाबू मेहता ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी इसके बाद दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा एन आई एल पी पोर्टल, उल्लास एप पर ऑनलाइन कार्य करने, सर्वेक्षण, पंजीकरण, शिक्षार्थियों व स्वयं सेवी शिक्षकों की पहचान, पाठ्य सामग्री का उपयोग करने, अवार्ड शीट भरने आदि के बारे में संभागियो को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद सीताराम गोयल, हरिमोहन गालव, श्याम बाबू मेहता, दशरथ सुवानिया, दिलीप सिंह मीणा आदि ने इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त किए ।

# अग्रवाल जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के गैर सरकारी क्रिया कलाप में संलग्न स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान की भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद व भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के स्टेट कॉर्डिनेटर गोपाल लाल माली ने प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का अनुमोदन कर अग्रवाल की नियुक्ति की। अग्रवाल का कार्यकाल (2025 से 2027 तक) 2 वर्ष रहेगा तथा जिला कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही किया जायेगा। माली ने बताया कि अंहिसा के सिद्धान्त पर आधारित विश्व शांति के लक्ष्य को प्राप्त करने में यूनेस्को तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की अहम् भूमिका है किन्तु विश्व समाज में हिंसा, द्वेष व घृणा पैदा कर अनेक संगठन हमारी आस्थाओं को चकनाचूर कर रहे है अतः सामान्य जनता को इन वास्तविकताओं से अवगत कराया जाकर भारतीय आदर्श के अनुरूप भयमुक्त अंहिसक समाज संरचना ही यूनेस्को क्लब का प्रमुख ध्येय है। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने कहा कि यूनेस्को जन अभियान के माध्यम से आम जन को हिंसा का प्रतिकार करने के लिए शिक्षित व प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि समाज में शांति व सुरक्षा के भावों का विकास हो सके।